सुविचार

कमजोर शरीर के साथ तो आप चल सकते हैं, लेकिन कमजोर हौसले के साथ नहीं।

RNI : RAJHIN13216/2005

दैनिक

# गरीबों का सितारा

।। दशकों पुराना साथ।।

निष्पक्ष कलम — निर्भीक आवाज

"आमजन का अखबार" "जन-जन के विचार"

हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com

हमारा ध्येय : निष्पक्ष, निरंतर, निर्भय

वर्षः 17 अंकः 351 पेजः 8 मूल्य 01 रु. | जयपुर, शुक्रवार 14 जुलाई, 2023 | Email: garibonkasitara@gmail.com

*चंद्रयान-3 का काउंटडाउन शुरू : श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से.....*

## आज दोपहर 2:35 बजे होगा लांच




नई दिल्ली

मिशन चंद्रयान-3 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। अब से कुछ घंटों के बाद भारत इतिहास रचने को तैयार है। वहीं, लांचिंग से पहले वैज्ञानिकों की टीम चंद्रयान-3 के छोटे मॉडल को लेकर तिरुपति वेंकटचलपति मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान इसरो के अध्यक्ष एस सोमनाथ ने कहा कि चंद्रयान-3 शुक्रवार से अपनी यात्रा शुरू करेगा। हम उम्मीद कर रहे हैं कि सब कुछ सही हो जाएगा और यह 23 अगस्त को चंद्रमा पर उतरेगा। इसरो ने बताया कि एमआरआर बोर्ड ने प्रक्षेपण को अधिकृत कर दिया है। इसरो ने प्रक्षेपित किए जाने वाले चंद्रयान-3 मिशन के लिए संपूर्ण प्रक्षेपण तैयारी और प्रक्रिया का 24 घंटे का प्रक्षेपण पूर्वाभ्यास किया। मिशन को प्रक्षेपण यान मार्क 3 (एलवीएम3) से प्रक्षेपित किया जाना है। इस पूरे मिशन का खर्च 615 करोड़ है।

**चंद्रयान 1**

भारत का पहला चंद्रयान मिशन 22 अक्टूबर 2008 को को लांच किया गया था। इसमें एक ऑर्बिटर और एक इम्पैक्टर चांद की ओर भेजा गया था। 8 नवंबर 2008 को चांद की कक्षा में पहुंचा। यह मिशन दो साल के लिए था। चंद्रयान-1 ने चांद की सतह पर पानी के संकेत खोजे।

**चंद्रयान 2**

20 अगस्त 2019 को चंद्रयान-2 को चांद की कक्षा में पहुंचाया गया। 7 सितम्बर को विक्रम लैंडर को चांद पर फाइनल लैंडिंग होनी थी लेकिन चांद की सतह से कुछ दूरी पर ही इसका इसरो से संपर्क टूट गया। हालांकि, चंद्रयान-2 का ऑर्बिटर अभी भी चांद की कक्षा में अपना काम कर रहा है।

**चंद्रयान 3**

चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का ही अगला चरण है, जो चंद्रमा की सतह पर उतरेगा और परीक्षण करेगा। 14 जुलाई को भारत अपना चंद्रयान-3 लॉन्च कर रहा है।

▶▶ शेष पेज 5 पर

# फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने पीएम मोदी के गले लगाकर स्वागत किया

## मोदी बोले- भारतीय जहां जाते हैं मिनी इंडिया बना लेते हैं

पेरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए गुरुवार देर रात प्राइवेट डिनर होस्ट किया। मोदी डिनर के लिए प्रेसिडेंट पैलेस पहुंचे तो मैक्रों ने गले लगाकर उनका स्वागत किया। फ्रांस की फर्स्ट लेडी ब्रिजिट मैक्रों ने हाथ मिलाकर उनका वेलकम किया।

इससे पहले मोदी ने पेरिस में भारतीय समुदाय के लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'फ्रांस आना घर आने जैसा है। भारत के लोग जहां जाते हैं मिनी इंडिया बना लेते हैं। वर्ल्ड ऑर्डर में भारत खास रोल निभा रहा है। हर चुनौती से निपटने में भारत का अनुभव और प्रयास दुनिया के लिए मददगार साबित हो रहा है।'

यहां पर कई लोग 12 घंटे सफर करके आए हैं, इससे बड़ा प्यार क्या हो सकता है। इस बार मेरा फ्रांस आना और भी विशेष है कल (14 जुलाई) फ्रांस का नेशनल डे है, ऐसे में मैं यहां की जनता को इसकी बधाई देता हूं।



भारत इस समय G20 की अध्यक्षता कर रहा है। पहली बार किसी देश की अध्यक्षता में ऐसा हो रहा है कि उस देश के कोने-कोने में 200 से ज्यादा बैठकें हो रही हैं। पूरा G20 समूह भारत की सामर्थ्य को देख रहा है।

फ्रांस और भारत के लोगों के बीच का कनेक्शन और लोगों के बीच का आपसी विश्वास ही इस साझेदारी का सबसे मजबूत आधार है। यहां नमस्ते फ्रांस फेस्टिवल होता है तो भारत में लोग बोन्सू इंडिया का आनंद उठाते हैं।



### दोनों PM के बीच हुई डेलीगेशन लेवल की बातचीत

इससे पहले पेरिस के जिस होटल में मोदी ठहरे हैं, उसके बाहर भारतीय मूल के लोगों ने भारत माता की जय के नारे लगाकर उनका स्वागत किया। शाम करीब 4 बजे फ्रांस की प्रधानमंत्री एलिजाबेथ बॉर्नें ने मोदी को एयरपोर्ट पर रिसीव किया। यहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया।

जब मैं आपसे बात कर रहा हूं तो भारत में चंद्रयान 3 की लॉन्चिंग के लिए रिवर्स काउंटिंग की गूंज सुनाई दे रही है। कुछ घंटों बाद भारत से ऐतिहासिक लॉन्च होने जा रहा है। स्पेस की तरह ही ऐसे अनेक सेक्टर्स हैं, जिसमें भारत और फ्रांस की पार्टनरशिप दुनिया को नई दिशा देने में मदद कर सकते हैं।

10-15 साल के अंदर ही भारत ने लगभग 42 करोड़ देशवासियों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। ये पूरे यूरोप की आबादी से भी ज्यादा है, ये पूरे अमेरिका की आबादी से भी ज्यादा है।

मोदी ने कहा- भारत अगले 25 वर्षों में विकसित होने के लक्ष्य पर काम कर रहा है। आज हर इंटरनेशनल एजेंसी कह रही है भारत आगे बढ़ रहा है। PM ने फ्रांस में बसे प्रवासियों से भारत में निवेश की भी अपील की। उन्होंने कहा- भारत में निवेश का मौका है। फिर मत कहना मैंने नहीं बताया था। मोदी ने फ्रांस के साथ वढक में पेमेंट किए जाने पर डील की बात भी कही है। उन्होंने कहा- अब आप जल्द ही भारतीय एफिल टावर पर भी वढकसे भुगतान कर पाएंगे। दोनों देशों के बीच ये भी तय हुआ है कि फ्रांस में मास्टर्स करने वाले भारतीय छात्रों को 5 साल का लॉन्ग टर्म पोस्ट स्टडी वीजा दिया जाएगा।

### फ्रांस के लिए शहीद हुए भारतीय सैनिकों को याद किया

PM ने कहा- मैं 2015 में फ्रांस आया था, तब मैंने यहां शहीद हुए हजारों भारतीय सैनिकों को श्रद्धांजलि दी थी। 100 साल पहले ये भारतीय सैनिक अपना कर्तव्य निभाते हुए फ्रांस की धरती पर शहीद हुए थे। तब जिन रेजीमेंट से उन जवानों ने यहां युद्ध में हिस्सा लिया, उन्हीं में से एक पंजाब रेजिमेंट कल यहां नेशनल डे परेड में हिस्सा लेने जा रही है। शहादत को सम्मान देने के लिए फ्रांस का धन्यवाद।

## राष्ट्रपति द्रोपति मुर्मू का तीन दिन का राजस्थान दौरा

**जयपुर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का तीन दिन 15 जुलाई तक राजस्थान के दौरे पर रहेंगी। इस दौरान वह खाटू श्यामजी के भी दर्शन को जाएंगी। राष्ट्रपति गुरुवार शाम वायु सेना के विशेष विमान से दिल्ली से जयपुर पहुंची। एयरपोर्ट पर राष्ट्रपति के स्वागत के लिए राज्यपाल कलराज मिश्र मौजूद रहे। राज्यपाल के अलावा विधानसभा अध्यक्ष डॉ.सीपी जोशी, मंत्री शांति धारीवाल, नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़, मुख्य सचिव ऊषा शर्मा, डीजीपी राजस्थान उमेश मिश्रा प्रोटोकॉल के तहत राज्यपाल को एयरपोर्ट पर रिसीव किया। राष्ट्रपति जयपुर एयरपोर्ट से सीधे राजभवन पहुंची, जहां विशेष भोजन का इंतजाम किया गया हैं। शुक्रवार सुबह 10 बजे के बाद राष्ट्रपति का विधानसभा जाने का कार्यक्रम हैं। इस दौरान वे राजस्थान विधानसभा में शुरू हो रहे सत्र के उद्घाटन सत्र में शामिल होकर विधानसभा के सदस्यों को संबोधित करेंगी। दो घंटे के इस कार्यक्रम के बाद राष्ट्रपति का खाटू श्यामजी जाने का कार्यक्रम हैं। दिन में राष्ट्रपति खाटू नरेश के दर्शन करेंगी, जिसके बाद स्थानीय कार्यक्रम में राष्ट्रपति के शामिल होने की सम्भावना बताई जा रही हैं। खाटू श्याम में राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए आज वायु सेना के तीन हेलिकॉप्टर ने वहां पर रिहर्सल की हैं। शुक्रवार को 5 बजे राष्ट्रपति खाटू से हेलिकॉप्टर से जयपुर एयरपोर्ट पर आएंगी। जहां से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू राज्यपाल के साथ सीधे राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जाएंगी।



## हरीश चौधरी बोले- कांग्रेस अमीर नेताओं की सबसे गरीब पार्टी

**जयपुर।** पंजाब कांग्रेस के प्रभारी और विधायक हरीश चौधरी ने चुनावी रणनीति तय करने के लिए बुलाई गई बैठक में पार्टी में व्यक्ति पूजा पर सवाल उठाए। चौधरी ने खुलकर कहा कि कांग्रेस में नेता पार्टी की कीमत पर व्यक्ति पूजा करने लगे हैं, इसका कोई फायदा नहीं हो रहा। चौधरी गुरुवार को पीसीसी में ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने कहा- हम कांग्रेस की कीमत पर व्यक्ति पूजा करने लग गए हैं, क्योंकि हमें लगता है कि व्यक्ति पूजा करने से हमारा राजनीतिक भविष्य सुरक्षित हो जाएगा। उसकी ओट में जब हमें आवश्यकता पड़ेगी तो वह राजनीति में हमें हाथ पकड़कर आगे कर देगा। हालांकि पार्टी मजबूत नहीं होगी तब तक उस व्यक्ति को हम कितना ही मजबूत कर दें, उसका कोई अस्तित्व नहीं रहेगा।

चौधरी बोले- कहा जाता है कि हमारे बीच झगड़े हैं, लेकिन यह कोई बड़ी बात नहीं है। यह अलग-अलग मत रखने की पुरानी परंपरा का हिस्सा है। पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने भी यह व्यवस्था दी थी कि हर किसी को अपनी बात रखने का अधिकार है। हमारे यहां दिक्कत यह है कि कांग्रेस में अब नेता व्यक्ति पूजा करने लगे हैं।

कांग्रेस पार्टी दुनिया की अमीर नेताओं की सबसे गरीब पार्टी

हरीश चौधरी ने कहा- बीजेपी के पास संसाधनों की कोई कमी नहीं है और हमारे पास संसाधन नहीं है। इसका मतलब यह नहीं है कि हमारे नेताओं के पास संसाधन नहीं है। कांग्रेस विश्व की एकमात्र पार्टी है जो अमीर लोगों की सबसे गरीब पार्टी है। पार्टी को जब हजार रुपए देने होते हैं तो 500 देने में भी लोग शांत हो जाते हैं। पहले तो कोई लाखों या करोड़ों रुपए हमारे उम्मीदवारों या पार्टी को देने को तैयार नहीं होता और अगर कोई होता भी है तो पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह की ईडी और इनकम टैक्स उनके पीछे पड़ जाती है। गलतफहमी में किसी को नहीं रहना चाहिए कि हमें कांग्रेस कमेटी से कुछ मिलेगा। इसलिए फंड के लिए जनता से भी प्रयास करें।

### एमएलए,मंत्री, ब्यूरोक्रेट अधिकार छीन रहे हैं

हरीश चौधरी ने कहा- हमारे नेता राहुल गांधी की सोच साधारण और स्पष्ट है कि इस व्यवस्था में सब की हिस्सेदारी और भागीदारी होनी चाहिए। राहुल गांधी ने कहा है कि सरकार मंत्री, एमएलए या ब्यूरोक्रेट की नहीं बल्कि कार्यकताओं की होनी चाहिए।

हम एमएलए हैं, मंत्री हैं, ब्यूरोक्रेट हैं, हम अधिकार तो छीन रहे हैं, कोई हमारा अधिकारी छिन ले तो हम क्या करेंगे? राहुल गांधी की सोच स्पष्ट है कि हम राजनीति इसलिए कर रहे हैं कि हर व्यक्ति, हर वर्ग जिसका जो अधिकार है, वही अधिकार दिलवाने के लिए हम राजनीति में सक्रिय हो।

चौधरी ने कहा- इन दिनों कांग्रेस पार्टी में सिद्धांत बन गया है कि सबको शामिल कर लो, लेकिन इस सिद्धांत के पीछे हमारा मकसद किसी न किसी को बाहर निकालना बन गया है।

वेस्टर्न राजस्थान में कलबी चौधरी कभी सौ फीसदी कांग्रेस को वोट देते थे, लेकिन अब सबको शामिल करने और अपनों को बाहर निकालने के चलते हालत यह हो गई है कि कई जिलों में हमारा परंपरागत वोट जीरो हो गया है। किसी को साथ जोड़ना गलत बात नहीं है, लेकिन अगर हमारी सोच किसी को बाहर निकालने के लिए किसी को साथ जोड़ने की है तो यह गलत है।

## डांग विकास क्षेत्र के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह का निधन:सीएम गहलोत ने जताया शोक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** डांग विकास बोर्ड के पूर्व चेयरमैन और रिटायर्ड आईएएस अधिकारी सत्यनारायण सिंह का आज सुबह जयपुर में निधन हो गया। सत्यनारायण सिंह पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। जिसके बाद उनका जयपुर किसी के बड़ा अस्पताल में इलाज चल रहा था। आज सुबह सिंह ने 90 साल की उम्र में अंतिम सांस ली। इसके बाद उनके परिजनों ने अजमेर रोड स्थित पुरानी चुंगी मोक्षधाम पर उनका अंतिम संस्कार किया।

## पायलट बोले-हम कथित नेताओं के बीच चलता रहता है:फील्ड में काम करें



**जयपुर।** विधानसभा चुनाव नजदीक आते देखकर कांग्रेस ने अब एकजुटता दिखाने का प्रयास शुरू कर दिया है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय (पीसीसी) में गुरुवार को हुए कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, अध्यक्ष गोविंद डोटासरा, हरीश चौधरी, बीडी कल्ला के साथ सचिन पायलट भी मौजूद रहे। ये पहली बार था कि पायलट सुलह के बाद कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय की किसी बैठक में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने ब्लॉक अध्यक्षों को ग्राउंड पर काम करने और लगातार एक्टिव रहने की सलाह दी। वे बोले- जिन्हें अपनी सीट पर जीत का डंका बजाना है, उन्हें फील्ड में अभी से लगना होगा। उन्होंने अपने और गहलोत के पुराने विवाद पर भी कहा कि हम सब लोग जो कथित रूप से नेता हैं, हम यहां थोड़ा बहुत करते रहेंगे, हमारे बीच थोड़ी बहुत चलती रहेगी। यह चलता है राजनीति में। हालांकि जो मुद्दे सिद्धांत हम पहले भी उठाते रहे हैं और आप लोग भी उठाओगे तो सरकार बनेगी।

हमें यहां जयपुर में भाषण देने से काम नहीं चलेगा, हम भी क्षेत्र में जाएंगे, आपको जमीन तैयार करनी है। कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्षों के सम्मेलन में पायलट ने कहा कि चुनाव सिर पर आ गए हैं। कोई कह रहा है चुनाव में 100 दिन हैं, कोई कह रहा है 90 दिन है। मैं तो कहता हूं शून्य दिन है। आप मानिए आज से ही चुनाव चालू हो गए हैं। कब चुनाव अभियान का आगाज होगा, दिल्ली से घोषणा होगी, उसका आप इंतजार मत कीजिए। जिन्हें अपनी सीट पर जीत का डंका बजाना है वे आज से ही फील्ड में जुट जाएं।

## पटना में भाजपा कार्यकताओं पर पुलिस का लाठीचार्ज, एक नेता की मौत

### वाई सिक्योरिटी की मौजूदगी में BJP सांसद को भी पीटा





सितारा न्यूज नेटवर्क

**पटना।** सरकार के खिलाफ बिहार विधानसभा मार्च कर रहे बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। पुलिस पिटाई में कई नेता और कार्यकर्ता घायल हो गए। वहीं, एक बीजेपी नेता की मौत हो गई। नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा समेत कई नेता पार्टी कार्यालय पहुंचे। वहां मृतक बीजेपी कार्यकर्ता को श्रद्धांजलि दी गई। पुलिस ने महाराजगंज सांसद जनार्दन सिग्रीवाल को भी लाठी से पीटा और धक्का दिया। इसमें वह घायल हो गए। उनके सिर और चेहरे पर चोट आई है। जनार्दन सिंह सिग्रीवाल कक्र्टर के प्राइवेट वार्ड -1 में एडमिट हैं। उनका CT स्कैन हुआ है। ब्रेन नॉर्मल है। सांसद को सुरक्षा मिली हुई है। पिटाई के समय उनके सुरक्षाकर्मी भी मौजूद थे।

बीजेपी नेताओं और कार्यकताओं को डाकबंगला चौराहे पर पुलिस ने रोकने की कोशिश की थी। जब वे नहीं माने तो पहले वाटर कैनन से पानी की बौछार की। आंसू गैस के गोले छोड़े। फिर दौड़ा-दौड़ाकर पीटा। बीजेपी कार्यकताओं ने पत्थरबाजी की। पुलिस पर मिर्ची स्प्रे से हमला किया।

**सिर में लगी थी चोट, अस्पताल में मौतः** जहानाबाद के महामंत्री विजय कुमार सिंह को पुलिस ने बुरी तरह से पीटा। उनको नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सिर में गंभीर चोट थी। उन्हें वहां से गंभीर हालत में पीएमसीएच ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। सुशील मोदी ने कहा कि हमारी महिला कार्यकताओं को भी पीटा गया।

## राठौड़ बोले- शायद डोटासरा को मानसिक बीमारी हो गई है

### *पूनिया ने कहा- सरकार आने पर इलाज के लिए अलग से विभाग खोलना पड़ेगा*

जयपुर। पीसीसी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ पर 'रात 8 बजे बाद महफिल' वाले दिए बयान को लेकर खींचतान बढ़ती जा रही है। बीजेपी ने अब डोटासरा पर पलटवार शुरू कर दिया है। राठौड़ ने इसका जवाब देते हुए डोटासरा को मानसिक रोगी बताया तो वहीं उपनेता प्रतिपक्ष डॉ. सतीश पूनिया ने तो यह तक कह दिया कि सरकार आने पर इलाज के लिए अलग से विभाग खोलना पड़ेगा। क्या कहा था डोटासरा ने- पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा ने दो दिन पहले राजेन्द्र राठौड़ पर बयान देते हुए कहा था कि राठौड़ 8 बजे बाद मुख्यमंत्री बन जाते हैं।

उन्होंने कहा था कि राठौड़ 8 बजे बाद महफिल करते है, उसमें गाना गाते हैं कि मेरे सामने वाले बंगले में एक चांद का टुकड़ा बैठा हैं।

हमने एक बार उनसे विधानसभा में भी आग्रह किया था कि गाना गाकर सुनाए। लेकिन वो शरमा गए। कहा- 8 बजे का टाइम न्यारा ही होता हैं।

मैं तो सादा आदमी हूं, मैं कोई महफिल नहीं करता हूं। मैं तो किसान का बेटा हूं, मास्टर का बेटा हूं। मैं तो बोल सकता हूं।

ये बयान उन्होंने मंगलवार को चूरू के सरदारशहर में आयोजित हुए एक कार्यक्रम में कहा था।

अब जवाब में ये बोले राजेंद्र राठौड़

नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने कहा- शायद डोटासरा को साइकेट्रिक बिहेवियर डिसऑर्डर नामक बीमारी हो गई हैं। इस बीमारी में जिम्मेदार पदों पर बैठे लोग अन्य लोगों के निजी जीवन पर टिप्पणी करते हैं।

डोटासरा के बयान मुझे प्रसिद्धि दे रहे हैं। लेकिन, मेरी कुछ मनोरोग विशेषज्ञों से बात हुई थी। उनका कहना था कि एक बीमारी होती है एसबीडी (साइकेट्रिक बिहेवियर डिसऑर्डर)।

क्षेत्र का नं. 1 अखबार
अपना शहर
गरीबों का सितारा
हर पल अपडेट के लिए Login करें : www.garibonkasitara.com
जयपुर
शुक्रवार, 14 जुलाई, 2023


| पूर्वानुमान> | शुक्र | शनि | रवि | सोम |
|---|---|---|---|---|
| 25° अधिकतम> | 33°c | 34°c | 34°c | 31°c |
| न्यूनतम> | 26°c | 27°c | 26°c | 26°c |

## यह कैसा जिला ? विकास की उल्टी गंगा

# ब्यावर की भले जिला बनाने की हो चुकी हो घोषणा, मूलभूत आवश्यकताओं के लिए आज भी ब्यावर कर रहा संघर्ष


टूटी-फूटी सड़के


आवारा पशुओं का जमावड़


यातायात व्यवस्था तितर-बितर

सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर, ब्यूरो चीफ (अनिल सिखवाल) । ब्यावर के क्या कांग्रेसी, क्या भाजपा नेता सदैव जिले के लिए संघर्ष करते रहे हैं, हालांकि माननीय मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के द्वारा ब्यावर के जिले की घोषणा हो चुकी है अब ब्यावर उपखंड नही रहा जिला हो गया है लेकिन यह कैसा जिला ! जहां के लोग आज भी अपनी मूलभूत आवश्यकताओं और सुविधाओं के लिए अपने आप को संघर्ष में ही पाते हैं आखिर ब्यावर की जनता का संघर्ष किससे है ? क्यों हैं ? क्या ब्यावर जिला बन गया पर विकास के लिए संघर्ष ही कर रहा है, आखिर संघर्ष क्यों न करें अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए संघर्ष करना तो पड़ता ही है और यदि ब्यावर की जनता अभी संघर्ष करेगी तो हो सकता है विकास भी कर ले अन्यथा फिर पांच साल तक कुछ मिलने वाला नही है ।

### सड़क टूटी फूटी, सड़क में खड्डे या खड्डे में सड़क अद्भुत कारीगरी

ब्यावर की जनता की पहली मूलभूत आवश्यकता है, कि यहां के लोगों को चलने के लिए सड़क तो सही मिले लेकिन यहां की मुख्य सड़को की हालात यह है कि चलने



वालों को यह नहीं पता पड़ता कि सड़क में खड्डे या खड्डे में है सड़क क्या सड़कों का विकास चुनाव के समय ही होता है । आखिर मुख्य सड़कों की जिस तरह की स्थिति ब्यावर में परिलक्षित नजर आती है इससे तो ऐसा प्रतीत होता है कि विकास की उल्टी गंगा बह रही है चांद गेट के बाहर अंदर की सड़कें टूटी फूटी, ब्यावर के मुख्य बाजार मेवाड़ी गेट से अजमेरी गेट तक की सड़के टूटी फूटी, सिटी सिनेमा से लेकर भगत चौराहा, नगर परिषद तक सड़कों के माली हालत दुपहिया वाहन चालको को कई बार परेशानी उठानी पड़ती है और कई बार तो इन खंडों से वे फिसल भी चुके हैं और चोट भी खा चुके हैं लेकिन आखिर ब्यावर की आम जनता की सुनवाई कौन करें ?

### सफाई व्यवस्था चौपट, स्वच्छ भारत अभियान की खिल्ली उड़ाता विकास

ब्यावर शहर की जनता की दूसरी मूलभूत आवश्यकता है कि कम से कम शहर की सफाई व्यवस्था तो समय-समय पर होवे क्या नगर परिषद आला अधिकारियों का कर्तव्य नहीं है कि उनका शहर स्वच्छता में अग्रमी पायदान पर रहे ब्यावर शहर की स्वच्छता की बात करें तो यह शहर अपने आपको फिसड्डी ही साबित कर रहा है, आखिर शहर



में सफाई व्यवस्था की ओर क्यों नहीं ध्यान दिया जाता शहर के मुख्य नाले सहित अन्य नालियां गंदगी से डटे पड़े हैं क्या स्वच्छ भारत अभियान की सीधी खिल्ली नहीं उड़ रही , जब शहर के मुख्य बाजारों की हालत ऐसे है तो शहर की अन्य बस्तियों में स्वच्छता की स्थिति कैसी रहेगी इसका अंदाज लगाया जा सकता है फिर भी विकास की बातें तो वैसे भी 5 साल में एक ही बार तो होती है चुनाव के समय फिर विकास की बातें हो जायेगी ।

### आवारा पशुओं के जमावड़े से कब मिलेगी निजात –

शहर की तीसरी मूलभूत सुविधाओं की बात करें तो ब्यावर शहर इन दिनों आवारा पशुओं के जमावड़े से अपने आप को व्यथित करता हुआ दिखाई दे रहा है यहां शहर के मुख्य बाजारों में आवारा पशुओं के लड़ने से कई बार दुपहिया और पैदल चलने वाले राहगीर चोटिल हो चुके हैं । आवारा पशुओं का जमावड़ा शहर के मुख्य बाजारों सहित अन्य स्थानों पर भी देखने को मिल रहा है क्या नगर परिषद के आला अधिकारियों का कर्तव्य नहीं है कि शहर को इन आवारा पशुओं के जमावड़े से मुक्त किया जाए यहां के स्थानीय नेता भले ही जिले के लिए अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं लेकिन की ब्यावर जनता को तो अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिये भी संघर्ष करना पड़ रहा है ।

## गंदगी से डटे नाले, बारिश के पानी की निकासी को लेकर संघर्ष

### यातायात व्यवस्था के बिगड़े हाल बार-बार मुख्य बाजार में लगता है जाम–

यह कैसा जिला जहां पर बार-बार यातायात व्यवस्था चौपट होती रहती है, और मुख्य बाजारों में बार-बार जाम लगते हैं शहर के मुख्य मार्केट चांद गेट परिसर में बार-बार जाम की स्थिति देखने को मिलती है , इसी तरह पिपलिया बाजार में भी सब्जी वाले ठेले वालों के कारण बार-बार जाम लगता है इसी तरह मालियान चौपड़ से लुहारन चौपड़ तक भी यातायात व्यवस्था तितर-बितर नजर आती है सबसे मजे की बात तो यह है कि 8:00 के आसपास सिटी सिनेमा से लेकर शांति टावर तक जाम का बेजोड़ नमूना देखने को मिलता है इधर प्राइवेट तथा लग्जरी बसें लंबी कतार लगाए हुए इधर दुपहिया एवं चोपिहिया वाहनों का जमावड़ा मानो शहर जिला न होकर जाम में फंसने वालों का नगर हो गया है ।

### बारिश के पानी की निकासी को लेकर संघर्ष करता शहर –

एक समय था कि चाहे कितनी भी बारिश हो पानी में शहर डूबता नही था लेकिन पिछले कुछ वर्षों में ऐसी परिस्थितियां हुई की थोड़ी सी मूसलाधार बारिश होते ही शहर पानी में डूबता है, ऐसा दृश्य पिछले दिनों भी देखने को मिला जब शहर की नगर परिषद ही पानी में डूब गई थाने के बाहर भी गाड़ियां पानी में तैरती हुई नजर आई, रेलवे स्टेशन भी पानी



में डूबा कई ऐसी बस्तियां अथवा मोहल्ले है जहां पानी की निकासी को लेकर उन बस्तियों एवं मोहल्लों में रहने वाले लोग संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं अब सोचने वाली बात यह है कि माननीय मुख्यमंत्री ने जिले की घोषणा तो कर दी लेकिन विकास के लिए ब्यावर शहर आज भी संघर्ष करता हुआ दिखाई दे रहा है ।

### शहर के सौंदर्य को बढ़ाने वाले सर्किल धूमिल एवं कचरे से कर रहे संघर्ष –

किसी भी शहर के सौंदर्य के प्रतीकों में उस शहर के सर्किलो का विशेष योगदान होता है लेकिन यदि किसी शहर के सर्किल ही धूमिल हो गए हैं अथवा वे अपने स्वच्छता के लिए संघर्ष करते हुए दिखाई देते हैं निसंदेह उस शहर के विकास की कहानी का पता चलता है सबसे बड़ा सोचनीय विचारणीय बिंदु यह है कि उन सर्किलो को छटा चौमासा ही याद किया जाता है अर्थात कभी-कभी उनकी भले ही सफाई हो जाए बाकी साल भर में अपनी बेबसी को रोते हुए नजर आते हैं।

### राजकीय अमृत कौर हॉस्पिटल की सुविधाओं के लिए संघर्ष –

यदि ब्यावर शहर सहित आसपास के क्षेत्र वासियों की मूलभूत सुविधाओं की बात करें तो राजकीय अमृतकौर चिकित्सालय खुद अपनी सुविधाओं के लिए संघर्ष करता हुआ दिखाई देता है अब आप स्वयं सोचिए यह कैसा जिला जो विकास के लिए संघर्ष कर रहा है ब्यावर के विकास हेतु लिए स्थानीय नेताओं को सदैव सक्रिय होना चाहिए लेकिन नेता तो चुनाव में ही दिखते हैं एक बार जीतने के बाद 5 साल बाद ही दिखते हैं कोरोना काल में राजकीय अमृत कौर हॉस्पिटल की स्थिति क्या रही है किसी से छिपी नहीं है अभी एक दिन पहले ही मुख्यमंत्री की निःशुल्क दवाइयों के लिए एक व्यक्ति को संघर्ष करना पड़ा अब सोचने वाली बात यह है कि ब्यावर के जिले की घोषणा के साथ ही ब्यावर जिले के विकास के लिए कितने नेता अग्रिम पंक्ति में रहते हैं अथवा चुनाव की पंक्ति में दिखाई देंगे यह तो समय ही तय करेगा ।

## पंचांग

दिनांकः– 14जुलाई 2023 शुक्रवार
विक्रम संवत2080 श्रावन कृष्ण पक्ष

| | | |
|---|---|---|
| तिथि | द्वादशी | 19:16:30 |
| पक्ष | कृष्ण | |
| नक्षत्र | रोहिणी | 22:25:31 |
| योग | गण्ड | 08:25:47 |
| करण | कौलव | 06:47:15 |
| करण | तैतुल | 19:16:30 |
| चन्द्र राशि | वृषभ | |
| सूर्य राशि | मिथुन | |
| दिशा शूल पश्चिम | | |
| सूर्योदय(जयपुर) | | 05:43:09 |
| सूर्यास्त | 19:22:04 | |
| चंद्रोदय | 27:12:24 | |
| चंद्रास्त | 16:47:18 | |
| राहू काल | 10:50 - 12:33 | |
| अभिजित | 12:05 - 12:59 | |

शुभ चोघडिया

| | | |
|---|---|---|
| चर | 05:43 - 07:26 | शुभ |
| लाभ | 07:26 - 09:08 | शुभ |
| अमृत | 09:08 - 10:50 | शुभ |
| शुभ | 12:33 - 14:15 | शुभ |
| चर | 17:40 - 19:22 | शुभ |



विशेष जानकारीः-
प्रदोष व्रतः-कल
मास शिवरात्रिः-कल

ज्योतिषाचार्य
भानुप्रकाश शास्त्री

## शंभू दयाल व्यास को जिलाध्यक्ष किया मनोनीत



सितारा न्यूज नेटवर्क

ब्यावर (अनिल सिखवाल)। राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम (लोकतांत्रिक) के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा ने अपने अधिकारों का प्रयोग करते हुए ब्यावर जिला कार्यकारिणी के अध्यक्ष पद पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जवाजा में कार्यरत शिक्षक शंभू दयाल व्यास को जिलाध्यक्ष मनोनीत कर आगामी 10 दिवस में ब्यावर कार्यकारिणी का गठन कर घोषणा करने हेतु निर्देशित किया है। श्री व्यास के मनोनयन पर जवाजा विद्यालय के स्टाफ में खुशियों का माहौल दिखाई दिया। विद्यालय स्टाफ ने मालाएं पहनाकर तथा साफा बंधवा कर श्री व्यास का अभिनंदन किया। अध्यक्ष व्यास ने बताया की कार्यकारिणी के विस्तार हेतु राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सेंदड़ा रोड ब्यावर में 16 जुलाई 23 को प्रातः 10:00 बजे चुनाव अधिकारी प्रधानाचार्य रमेश चंद्र दाधीच के मार्गदर्शन में बैठक का आयोजन किया जाएगा। बैठक में राजस्थान शिक्षक संघ सियाराम (लोकतांत्रिक) के प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश दुबे, प्रदेश संगठन मंत्री मनोज वैष्णव, अजमेर जिला अध्यक्ष माकन लाल माली, सहित राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ (एकीकृत)के जिला अध्यक्ष रमेश आचार्य बतौर अतिथि शिरकत करेंगे। बैठक में कार्यकारिणी विस्तार के साथ ही शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त करने हेतु कार्ययोजना तथा शिक्षकों के बकाया प्रकरणों एवं अन्य मांगों के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा। जिलाध्यक्ष व्यास ने शिक्षकों से अधिक से अधिक संख्या में बैठक में भाग लेने की अपील की है।

## साप्ताहिक स्वीप कार्यक्रम के तहत पिनान राजकीय सीनियर स्कूल के विद्यार्थियों ने निकाली प्रभात फेरी



सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर के रैणी उपखण्ड क्षेत्र के पिनान कस्बे मे गुरुवार 13 जुलाई 2023 को निर्वाचन विभाग जयपुर के निदेशानुसार साप्ताहिक स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत पिनान राजकीय सीनियर स्कूल के विधार्थियों ने प्रभात फेरी का आयोजन किया । जिसमें समस्त विधार्थी और प्रभारी अध्यापक शिवलहरी मीना, कार्यवाहक पीटीआई प्रणवीर मवाई , बीएलओ वैभव कुमार एवं अंकित शर्मा रैली के साथ रहे। स्थानीय प्रधानाचार्य हरि सिंह मीना ने बताया कि साप्ताहिक



स्वीप कार्यक्रम 11 जुलाई से 16 जुलाई तक सभी निजी एवं सरकारी विधालयो में निर्वाचन विभाग के निदेशानुसार समन्वयक सीडीईओ अलवर के निर्देशन मे आयोजित किए जा रहे है । जिसमें 13 जुलाई को विधार्थियों द्वारा प्रभात फेरी निकाले जाने के आदेश है । आदेश की अनुपालना में हमारे स्कूल के विधार्थियों द्वारा कस्बे मे प्रभात फेरी निकाली गई है।

## पेयजल की किल्लत से ग्रामीण परेशान, जलदाय विभाग नहीं दे रहा ध्यान

**उमेश कुमार मोदी/श्री कोलायत/बीकानेर।** पिछले चार-पांच दिनों से पोल लगते समय पेयजल सप्लाई की लाइन टूट जाने से गांव की सप्लाई बंद होने से ग्रामीणों परेशानी में रहे गुरुवार को 4:00 बजे ठेकेदार के कर्मचारी आए और पोल लगाया लेकिन पाइप लाइन ठीक नहीं होने के कारण 30-35 घरो की सप्लाई नहीं हो सकी। पम्प हॉउस में कार्यरत ठेकेदार का कर्मचारी ने बताया की बाकि की गांव में नहर वाली लाइन से सप्लाई किया साथ ही कर्मचारी ने भी बताया की नाइयो की श्मशान भूमि के पास बना ट्यूब वेल पिछले एक माह से बंद होने के कारण पेयजल सप्लाई में कमी, विभाग के अधिकारी व ठेकेदार को केई बार कहने के बावजूद इसकी मरम्मत के लिए नहीं आए इससे गांव में बने जलहोद में पानी आता था पानी का स्टॉक होने से पेयजल सप्लाई सुचारु रूप से होती रहे पिछली बार वाटर वर्स में बना टयूब वेल खराब होने से 3-4 दिन पेयजल की सप्लाई नहीं हो सकी जलदाय विभाग ए.ई. एन से बात करने पर बताया की कर्मचारी फिल्ड में है जैसे ही फ्री होते है भेजता हु। ग्रामीणों ने विभाग के अधिकारीयो से पेयजल सप्लाई को सुचारू करने व कार्यप्रणाली में सुधार करने की मांग की।

### जनवादी लेखक संघ अलवर ईकाई की मिटिंग हुई आयोजित

# ईकाई अध्यक्ष नीलाभ पण्डित की अध्यक्षता में आयोजित हुई मिटिंग



### कविता और गजल पाठ में मानवीय संवेदनाओं एवं जिंदगी के यथार्थो को किया अभिव्यक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना** । अलवर ,जनवादी लेखक संघ (जलेस) अलवर इकाई की मीटिंग पूर्व प्राचार्य एवं इकाई अध्यक्ष नीलाभ पंडित की अध्यक्षता में आयोजित की गई। मीटिंग में युवा कवि एवं वाणिज्य महाविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर भागीरथ मीणा ने मानवीय संवेदनाओं से ओतप्रोत मूल्यों , स्त्री व्यक्तिव के विविध पक्ष एवं बाल सुलभ चेष्टाओं, व्यवहारों , पिता के रूप में स्वयं के अनुभवों , शिक्षा से जुड़े सवालों व जवाबों तथा मनुष्य की विवशता को अपनी कविताओं के माध्यम से व्यक्त किया। गजलकार डॉ. विलियमसन बसरा ने अपनी गजलों के माध्यम से इंसानी फितरत और जिंदगी की हकीकत , वक्त के अनुसार इंसान के बदलते हालातों , अतीत की यादों में जीवन और बुढ़ापे के अकेलेपन तथा वर्षात में प्रकृति के निखरते सौंदर्य एवं जीव जंतुओं की उमंगों को वयक्त किया। नीलाभ पंडित ने अपनी कविता में सपनों के माध्यम से जीवन के यथार्थ सवालों को उठाया तथा संसार की प्रचलित परिभाषाओं को बदलकर मानवीय नजरिए से परिभाषित करने की भावना व्यक्त की तथा उन्होंने कटाक्ष शैली में देश के मौजूदा हालातों पर भी कविता प्रस्तुत की। इस अवसर पर समसामयिक मुद्दों पर चर्चा करते हुए जलेस के प्रांतीय अध्यक्ष एवं प्रसिद्ध साहित्यकार जीवन सिंह मानवी ने संविधान और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए लेखकों व शिक्षकों को गंभीर भूमिका निभाने का आह्वान किया। जलेस के सचिव डॉ भरत मीणा ने मीटिंग का संचालन किया। इस अवसर पर डॉ जगतपाल सिंह , डॉ महेश गोठवाल , किशोर कुमार इत्यादि ने भी विचार व्यक्त किए। मिडिया को यह सारी जानकारी भरत मीणा सचिव, जलेस अलवर व प्रोफेसर भागीरथ मीना के द्वारा दी गई है।

## समान नागरिक संहिता पर विचार गोष्ठी का आयोजन 16 जुलाई को



सितारा न्यूज नेटवर्क

कुचामनसिटी (अनिल सिखवाल)। कुचामन पुस्तकालय की प्रबंध समिति ने संस्था के सभागार में आगामी रविवार 16 जुलाई को एक विचार गोष्ठी के आयोजन का निर्णय लिया है । "समान नागरिक संहिता राष्ट्रीय आवश्यकता है । विषय पर अपने विचारो की प्रस्तुति हेतु बाहर से विद्वानों को आमंत्रित किया गया है । समारोह के मुख्य अतिथि राजेंद्रकुमार पारीक सेवानिवृत सत्र न्यायाधीश, सीकर होंगे और योगी रमन नाथ सांभर लेक गोष्ठी की अध्यक्षता करेंगे । संस्था अध्यक्ष नटवरलाल वक्ता के अनुसार मुख्य वक्ता वीरेंद्र भाटी, जैन विश्व भारती, लाडनूं , एडवोकेट रज्जाक खान, उच्च न्यायालय, जोधपुर एवम डा. सलीम, मकराना होंगे । सभा में उपस्थित संस्था सचिव शिवकुमार अग्रवाल, सुनील माथुर, सुरेश वर्मा, कालीचरण व्यास, मुरारी, विमल पारीक, प्रकाश दाधीच, सत्यनारायण मोर, मोहम्मद शकील, रमेश चावला, बनवारीलाल मोर, हाजी अहमद लीलगर ने वार्ता में भाग लिया, अन्य सहयोगियों में सत्यप्रकाश शर्मा, लक्ष्मण , रामनिवास कुमावत, विक्रम भारती, कमल आर्य, कुलदीप खारड़िया रहे ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## अधिकारी गरीबो का कार्य संवेदनशील होकर करे: हुडला



**महवा ।** अधिकारी गरीबो का कार्य संवेदनशील होकर करे यह कहना है महवा के सर्व समाजी विधायक ओमप्रकाश हुडला का। उन्होंने यह बात महवा में माह के दुसरे गुरूवार को आयोजित जन सुनवाई कार्यक्रम में कही। इस दौरान जिला कलेक्टर दौसा कमर चौधरी ने भी अधिकारियों को लोगो के कार्य समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। जिला कलेक्टर ने भी इस दौरान मौके पर ही लोगो के परिवाद सुने और उन्हें निस्तारित करने के निर्देश दिए। इस दौरान लगभग 41 परिवाद प्राप्त हुए। विधायक ने कहा की वर्तमान में गर्मी का दौर चल रहा हैं इसलिए अधिकारी यह सुनिश्चित करे की कोई व्यक्ति जानवर प्यासा ना रहे। सभी लोगो को जल सुगम उपलब्ध हों जहाँ पर जेजेएम का कार्य पूरा हो गया हैं, वहां हर एक आदमी और घर को शत प्रतिशत जल उपलब्ध हो। इसके साथ ही उन्होंने सार्वजानिक निर्माण विभाग के अधिकारियो को सड़क के कार्य बरसात से पहले करने के निर्देश दिए और इस दौरान सभी विभागों के ब्लाक लेवल अधिकारी मौजूद रहे।

## बर्डोद टोल फायरिंग मामले में आरोपियों को शरण देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड़।** गत दिनों बहरोड-अलवर मार्ग के बर्डोद टोल के पास कार सवार युवकों पर फायरिंग मामले में मुख्य आरोपियों को शरण देने वाले दो जने गिरफ्तार किए गए। थानाधिकारी राजपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपियों को शरण देने वाले व सहयोग करने वाले आरोपी 20 वर्षीय सोडावास निवासी अरविंद पुत्र मुकेश नाई व 30 वर्षीय सोडावास निवासी कालूराम पुत्र सुमेर सिंह जाट को गिरफ्तार किया गया है। मामले में पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपियों को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। घटना के संबंध में सम्मिलित अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। भिवाड़ी एसपी विकास शर्मा ने बताया कि पुलिस आमजन में शांति के साथ विश्वास कायम रखते हुए अपराधियों में भय के साथ काम कर रही है। निश्चित रूप से क्षेत्र में क्राइम खत्म कर शांति स्थापित रहेगी।

## दयानंद आर्य बालिका महाविद्यालय में आयोजित हुआ ईवीएम डेमोंसट्रेशन कैंप



सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर( अनिल सिखवाल) ।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान जयपुर के निदेर्शानुसार ब्यावर विधानसभा आम चुनाव 2023 हेतु ईवीएम व वीवीपेट की कार्यप्रणाली से मतदाता, नव मतदाताओं, आम नागरिकों को जागरूक कराया जाना है, इसी क्रम में दयानन्द आर्य बालिका महाविद्यालय ब्यावर में एक ईवीएम डेमोस्ट्रेशन केम्प आयोजित किया गया । जिसमें केम्प प्रभारी निर्मल कुमार खींचा तथा दक्ष प्रशिक्षक चन्द्र प्रकाश पारीक ने नव मतदाताओं को मतदान की कार्यप्रणाली के बारे में मॉक पोल के माध्यम से समझाया, उन्होंने जनता को अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने हेतु प्रेरित किया । उपस्थित समस्त विद्यार्थियों को मतदान प्रतिज्ञा दिलवाकर नव मतदाताओं को जागरूक करने हेतु तथा वी वी पेट व ईवीएम से मतदान करने की जानकारी देने के लिए आदेशित भी किया।

## भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला का बहरोड में हुआ भव्य स्वागत



सितारा न्यूज नेटवर्क



**युवराज शर्मा / अलवर ।** भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला का होटल हाईवे जगदंबा बहरोड में ढोल नगाड़ों के साथ भव्य स्वागत किया गया ।भाजपा के दिग्गज नेता देशराज खरेरा एडवोकेट जिला मंत्री देवेंद्र यादव पूर्व युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रमेश यादव ने माला पहनाकर मिठाई खिलाकर और साफा बांधकर भव्य स्वागत किया गया । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे । प्रदेश मंत्री वासुदेव चावला ने सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया

डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल की रही अहम भूमिका

# उठाई आवाज : किसानों के साथ की गई वादा खिलाफी के खिलाफ बीजेपी का विरोध प्रदर्शन

### बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सहित कई पार्टी पदाधिकारियों ने किया विरोध







सितारा न्यूज नेटवर्क

**झुंझुनूं/जनीश सिंह ।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा झुंझुनू में आयोजित किसान जनाक्रोश महासम्मेलन में भाजपा के नेताओं ने कर्ज माफी के नाम पर किसान के साथ की गई वादाखिलाफी को लेकर राज्य की कांग्रेस सरकार के विरुद्ध जमकर विरोध प्रदर्शन किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़, पूर्व कृषि मंत्री प्रभुलाल सैनी, जगदीश छाबा, भजन लाल शर्मा प्रदेशमहामंत्री भाजपाकिसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भागीरथ चौधरी, पूर्व अध्यक्ष हरिराम रणवा, सीकर के सांसद सुमेधानंद सरस्वती, सांसद नरेंद्र कुमार, ओपी यादव, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ .सुमन कुलहरी गढ़वाल, सतनारायण सहारण, गुड्डू सैनी ,हरीश पायला, लकेश चौधरी ,धर्मेंद्र कुंतल सहित बड़ी संख्या में किसान नेता व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल की रही अहम भूमिका

ट्रैक्टरों के साथ रैली एवं पैदल मार्च निकालकर दिया संदेश भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा राजस्थान प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल द्वारा किसान महा आक्रोश कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई गई। इसी के साथ किसानों को जागृत किया गया। आक्रोश कार्यक्रम में राजस्थान कांग्रेस सरकार द्वारा किए गए धोखा किसानों के साथ छल कपट को उजागर करने व अबकी बार भाजपा सरकार बनाने को लेकर संदेश दिया गया।

## हादसा : करंट की चपेट में आने से ऊंट की हुई मौत

**खेत में झूलते बिजली के तारों से हुआ हादसा**

**किसान को सवा लाख रुपए का हुआ नुकसान**

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़।** क्षेत्र गांव जखराना में देर शाम को बिजली का करंट लगने से ऊंट की मौत हो गई। किसान बाबूलाल यादव ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ ऊंट गाड़ी लेकर पहाड़ के पास खेत में चला गया। जहां उसने ऊंट को गाड़ी से खोलकर चरने के लिए छोड़ दिया और वह परिवार सहित खेत में निराई- गुड़ाई काम करने में जुट गए। जब काम पूरा हो गया और घर जाने का समय हुआ, तब ऊंट की तलाश की गई तो वह मृत पाया गया। उन्होंने बताया कि खेतों के पास से विद्युत सप्लाई लाइन नीची बनी हुई है। जैसे ही ऊंट को लाइन छू गई, वैसे ही उसे करंट लग गया और उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। किसान ने बताया कि उसके पास ऊंट-गाड़ी ही केवल एक मात्र कृषि का साधन था। वह कृषि का संसाधन होने के साथ-साथ एक परिवार का अहम सदस्य भी था। जिसके बलबूते पर घर खर्च चलता था। ऊंट की मौत के बाद उसे करीब



सवा लाख रुपए का नुकसान हुआ है। किसान करीब 20 साल से लगातार ऊंट गाड़ी का उपयोग कर रहा है। वह इससे कृषि कार्य करने के साथ-साथ मेहनत मजदूरी भी करता है। उसकी आजीविका का साधन एकमात्र ऊंट गाड़ी ही है। ऊंट की मौत के बाद परिवार में शोक छाया रहा।

## ट्रांसपोर्ट बाउचर योजना 2023 का होगा आगाज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल) ।** आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा जयपुर ने राजकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाली छात्राओं के लिए एक अनूठी ट्रांसपोर्ट बाउचर योजना 2023 के आदेश जारी किये हैं, इस योजना के अंतर्गत सरकारी कॉलेजों में अध्ययनरत छात्राए जो दूर दराज से बस या अन्य साधनो से आती हैं उनको 20 रू प्रति दस किलोमीटर के हिसाब से राशि दी जाएगी । राजकीय महाविद्यालय ब्यावर के प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सिंह भाटी ने बताया कि जिन छात्राओं को स्कूटी नहीं मिली है,या अन्य कोई राजकीय लाभ नहीं मिला हैं उन छात्राओं को जो दूर दराज से महाविद्यालय आती हैं उनको उक्त योजना का परिलाभ दिया जाएगा इस हेतु एक समिति का गठन किया जा रहा हैं जो सम्पूर्ण योजना का क्रियान्वयन करेगी । वरिष्ठ संकाय सदस्य प्रो जलालुद्दीन काठात ने बताया कि इस योजना कि लाभार्थी छात्राओं की उपस्थिति बोयमेट्रिक मशीन से ली जाएगीं जो 180 दिन में 75% होने पर लाभ देय होगा, गणना हर माह की जाएगीं उन्होने बताया की माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की उच्च शिक्षा में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से ट्रांसपोर्ट बाउचर योजना 2023 का प्रारम्भ इसी सत्र से शुरू हुआ हैं । जिसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र की गरीब छात्राओं को मिलेगा और कोई भी छात्रा आने जानें की असुविधा के कारण उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रहेंगी । वित्त विभाग द्वारा इस योजना हेतु बजट प्रावधान भी कर दिये गये हैं ।

## कोटा मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल में आग से मरीज की मौत

**कोटा।** कोटा के मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में भर्ती मरीज की चेहरा जलने से मौत हो गई। ट्रीटमेंट के दौरान कार्डियो शॉक दिया जा रहा था, लेकिन स्टाफ की लापरवाही के चलते उसमें से निकली चिंगारी मरीज के मास्क तक पहुंच गई। मास्क में लगी आग से मरीज का चेहरा और गर्दन का हिस्सा जलने से मौत हो गई।

*राज्य स्तरीय राज. पल्मोकोन 2023 सेमीनार का आयोजन 15 जुलाई से*

## श्वसन रोग से जुड़ी आधुनिक रिसर्च एवं तकनीक पर होगा मंथन : डॉ. गुंजन सोनी

सितारा न्यूज नेटवर्क



**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** श्वसन रोग से संबंधित आधुनिक अनुसंधान एवं एवं तकनीकों को लेकर राज. पल्मोकोन2023 की आयोजन समिति द्वारा राज्य स्तरीय सेमिनार का आयोजन दिनांक 15 जुलाई से रानी बाजार स्थित होटल पार्क पैरेडाइज में किया जा रहा है, यह सेमिनार दो दिवस तक चलेगा। आयोजन समिति के चीफ पैटर्न तथा एसपी मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि इस सेमिनार के तहत वर्तमान में टीबी, अस्थमा, सीओपीडी, कैंसर, फैफड़ो के संक्रमण तथा लंग्स ट्रांसप्लांट से जुडी आधुनिक रिसर्च तथा विशेष तकनीकों पर विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों द्वारा अपना व्याख्यान दिया जाएगा, इस सेमिनार में श्वसन रोग विभाग से जुड़े मेडिकल स्टूडेंट्स डॉक्टर्स नवीन जानकारियों से जागरूक होगे।सेमीनार के उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि शिक्षा मंत्री डॉ. बीडी कल्ला, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री गोविन्द राम मेघवाल, ऊर्जा मंत्री श्री भंवर सिंह भाटी, , केश कला बोर्ड के अध्यक्ष श्री महेन्द्र गहलोत तथा विशेष अतिथि संभागीय आयुक्त डॉ. नीरज के पवन, डॉ. एवं जिला कलक्टर श्री भगवती प्रसाद कलाल होगें। आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉ. माणक गुजरानी, आयोजन सचिव डॉ. प्रमोद ठकराल एवं डॉ. राजेन्द्र सौगत तथा समन्वयक डॉ. अजय श्रीवास्तव है।

राज्य स्तरीय सेमिनार में जयपुर, जोधपुर, उदयपुर तथा राजस्थान के अन्य जिलों से डॉ. पीके गुप्ता, डॉ. वीके जैन, डॉ. एन.के. जैन, डॉ. एस.के. लुहाड़िया, डॉ. वीरेन्द्र सिंह, डॉ. पी.आर. गुप्ता, डॉ. एम.एल. गुप्ता, डॉ. बीबी माथुर सहित अन्य विशेषज्ञ अपना व्याख्यान प्रस्तुत करेगें।

दर्जनभर अधिकारी अनुपस्थित रहने से फरियादी निराश

# जनसुनवाई में समस्या का समाधान नहीं मिलने पर, फरियादियों की आँखों में झलकी पीड़ा

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीना /बहरोड़।** कस्बे के पंचायत समिति वीडियो कांफ्रेंस हाल में गुरुवार को उपखंड स्तरीय विभाग की मौजूदगी में जनसुनवाई सभा का आयोजन हुआ। इस दौरान बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्या लेकर अधिकारियों के समक्ष पहुंचे। जिसमें नगर पालिका सड़क,नाली समस्या, जल समस्या सहित ग्रामीण क्षेत्र के खेड़की गांव की आधा दर्जन महिलाओं द्वारा पिछले एक महीने से 25 वोल्ट का विद्युत ट्रांसफॉर्म खराब होने के बाद नहीं बदलने से नाराज होकर अधिकारी के समक्ष अपनी पीड़ा रखी। जिसमें बताया कि गर्मी के इस मौसम में विद्युत के बिना काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों की पढ़ाई नहीं हो पा रही है। विद्युत विभाग के ब्लॉक स्तर व जिला स्तर अधिकारियों तक अपनी गुहार लगा चुके है। लेकिन कोई सुध लेने वाला नहीं है। गांव में राजनीतिक रोटियां चमकाने के लिए नेता अपने सफेद वस्त्रों में बड़ी-बड़ी बातें बोलते हैं। लेकिन आम जनता की कोई सुनने वाला नहीं है। वहीं कस्बे निवासी युवक ने पिछले 2 वर्षों से पेंसिल कागजात को लेकर







अधिकारियों पर फूट पड़ा जिसने बताया कि पिछले 2 साल से पेंसिल कागजात नहीं होने पर चक्कर लगा रहा हूं। जन समस्या लोगों की समाधान के लिए है। लेकिन उसके बावजूद भी कोई समाधान नहीं हो रहा। वही गंडाला गांव निवासी एक व्यक्ति ने बताया कि सरपंच के द्वारा मनमानी कर पट्टे जारी किए जा रहे हैं पट्टे के संबंध में किसी प्रकार की कोई भी विज्ञापन जारी नहीं किया जा रहा है। अपनी मनमानी कर कार्य कर रहे हैं। जिसपर प्रशासन भी किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। सभा में एसडीएम की अनुपस्थिति में तहसीलदार मुख्य अधिकारी के रूप में मौजूद रहे। इस बार भिवाड़ी बीड़ा से कोई भी अधिकारी सभा में मौजूद नहीं रहा। अनेकों विभाग की सीट खाली नजर आई। नगरपालिका की समस्या लेकर आए फरियादियों को खाली लौटना पड़ा। क्योंकि नगरपालिका से कोई भी अधिकारी मौजूद नहीं था। तहसीलदार ने कहा इस सभा में अनुपस्थित रहे विभागीय अधिकारियों को नोटिस जारी कर आगामी सभा में आने को पाबंद किया जाएगा। इस दौरान तहसीलदार दिनेश यादव, बीडीओ अनिता, निहाल सिंह आयुर्वेदिक नोडल प्रभारी, सुरेश यादव कृषि विभाग, सौरव शेखर विधुत विभाग, अजित यादव पशु चिकित्सा विभाग, नंदराम मीणा पीडब्ल्यूडी विभाग, प्रेमप्रकाश वन विभाग सहित अन्य मौजूद रहे।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## चिंतन

# भुखमरी व गरीबी उन्मूलन विश्व के प्राथमिक एजेंडा बने

भूख व गरीबी से लड़ना विश्व की बड़ी चुनौती है। आज जहां विश्व में बादशाहत के लिए शक्तिशाली मुल्कों के बीच कड़ा संघर्ष चल रहा है, वर्चस्व स्थापित करने के लिए जंग चल रही है, क्षेत्रीय स्तर पर एथनिक व सांप्रदायिक हिंसक संघर्ष हो रहे हैं, वहां शयद ही किसी के लिए ठहर कर सोचने का वक्त है कि विश्व में भूख से विलख रहे लोगों के लिए कौन खड़ा है? संयुक्त राष्ट्र, अमेरिका, चीन, रूस, यूरोप या भारत? वैश्विक व्यवस्था ऐसी बन गई है, जिसमें हथियारों की होड़ तो मुल्कों की प्राथमिकता में है, लेकिन गरीबी उन्मूलन व भूख से मुक्ति उनकी प्राथमिकता में नहीं है। संयुक्त राष्ट्र की ताजा रिपोर्ट साधन संपन्न मुल्कों के लिए आईना है कि, पिछले साल 2.4 अरब लोगों को लगातार भोजन नहीं मिला। आठ अरब आबादी वाले विश्व में अगर एक चौथाई से अधिक आबादी भूख से जूझ रही है तो यह समूची वैश्विक व्यवस्था पर तमाचा है। दुनिया के मुल्क जहां हथियारों पर अरबों डॉलर खर्च कर रहे हैं, वहीं गरीबी उन्मूलन व भूखमरी मिटाने में अपेक्षाकृत बहुत कम खर्च कर रहे हैं। गरीब मुल्क अपने आवाम को भोजन उपलब्ध कराने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। यह स्थिति पहले भी थी, आज भी है और आगे भी रहने की संभावना है। गरीबी व भूख के प्रति वैश्विक व्यवस्था कभी संवेदनशील नहीं रही है। वरना विश्व में शांति व विकास के अधिक प्रयास हो रहे होते, डर व आतंक का ग्लोबल ट्रेड नहीं चल रहा होता। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने फ्रांस यात्रा पर जाने से पहले फ्रांसीसी समाचार पत्र 'लेस इकोस' को दिए साक्षात्कार में कहा है कि अंतरराष्ट्रीय ग्लोबल साउथ पर रूस-यूक्रेन संघर्ष का प्रभाव चिंतनीय है। जंग के चलते इस क्षेत्र में खाद्यान्न व ऊर्जा सुरक्षा के रूप में बड़ा संकट आने वाला है, हालांकि यह स्थिति ग्लोबल नॉर्थ पर भी उतना ही लागू है। पीएम की चिंता का आशय आसन्न भूख का संकट बढ़ने से है। विश्व में चल रहे हिंसक हथियारबंद संघर्ष, एथनिक हिंसा और मुल्कों के बीच जंग के चलते वैश्विक शांति, मानवता, ग्लोबल ग्रोथ, खाद्य व ऊर्जा सुरक्षा खतरे में हैं। ये हालात हैं, जो भूख के खिलाफ लड़ाई में बाधक बन रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र (यूएन) की वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर बुधवार को जारी 'खाद्य सुरक्षा एवं पोषण स्थिति रिपोर्ट 2023 चिंताजनक स्थिति बताती है, जिसमें वर्ष 2022 में 2.4 अरब लोगों को लगातार भोजन की प्राप्ति नहीं हुई और कम से कम 78.3 करोड़ लोगों को भूख से जूझना पड़ा। इस वजह से 14.8 करोड़ बच्चों का विकास भी अवरुद्ध हुआ। रिपोर्ट के मुताबिक, 2021 और 2022 के बीच विश्व में भूखे लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं हुआ लेकिन बहुत सी जगहों पर लोगों को गंभीर रूप से खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पश्चिमी एशिया, कैरिबियाई देश और अफ्रीका को चिन्हित किया गया, जहां 20 फीसदी आबादी को भूख से जूझना पड़ा और यह वैश्विक औसत से दोगुना से भी ज्यादा है। यूएन की रिपोर्ट से साफ है कि भुखमरी के दारुण हालात वर्ष दर वर्ष नहीं बदल रहे हैं, यानी कि विश्व के मुल्क भुखमरी उन्मूलन के प्रति कुछ खास नहीं कर रहे हैं। वैश्विक आबादी का 42 फीसदी हिस्सा यानि 3.1 अरब से ज्यादा लोग 2021 में स्वस्थ आहार तक नहीं जुटा सके थे। विश्व के नेतृत्व को सोचना चाहिए कि वे कैसा विश्व बना रहे हैं? संयुक्त राष्ट्र जैसी ग्लोबल संस्था के लिए विचारणीय प्रश्न है कि आखिर भूख व गरीबी उन्मूलन वैश्विक एजेंडे में प्राथमिकता में क्यों नहीं हैं? विश्व में शांति भुखमरी व गरीबी दूर होने से आएगी, हथियारों की जमाखोरी व डर के व्यापार से नहीं।

# फिर चांद के पार जाने की तैयारी




चंद्रयान-3
प्रमोद भार्गव

चंद्रमा पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष की ओर भेजेगा। यदि चांद पर यह सफलतापूर्वक उतर जाता है, तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस अभियान में सफलता पाने वाला चौथा देश बन जाएगा। 14 जुलाई को उड़ान भरने के बाद चंद्रयान-3, तीन लाख 75 हजार किलोमीटर की यात्रा करके 23 या 24 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव की धरती पर उतरेगा। इसरो ने चांद पर भेजे जाने वाले यान को रॉकेट एलवीएम-3 से जोड़ दिया है। यही रॉकेट श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपनी यात्रा शुरू करेगा।इसका 13 स्वदेशी वैज्ञानिक उपकरणों एवं उपग्रह समेत कुल वजन 4400 क्विंटल के करीब है।

चौदह जुलाई 2023 को दोपहर 2:35 बजे भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चंद्रमा पर चंद्रयान-3 अंतरिक्ष की ओर भेजेगा। यदि चांद पर यह सफलतापूर्वक उतर जाता है, तो अमेरिका, रूस और चीन के बाद भारत इस अभियान में सफलता पाने वाला चौथा देश बन जाएगा। 14 जुलाई को उड़ान भरने के बाद चंद्रयान-3, तीन लाख 75 हजार किलोमीटर की यात्रा करके 23 या 24 अगस्त 2023 को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव्र की धरती पर उतरेगा। इसरो ने चांद पर भेजे जाने वाले यान को रॉकेट एलवीएम-3 (लॉन्च व्हीकल मार्क-3) से जोड़ दिया है। यही रॉकेट श्री हरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से अपनी यात्रा शुरू करेगा। इसरो के प्रमुख सोमनाथ एस ने बताया है कि 23 या 24 अगस्त को लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग कराई जाएगी। यान में कई वैज्ञानिक उपकरण होंगे, जो चांद की सतह का अध्ययन करेंगे। सभी उपकरणों का परीक्षण सफलतापूर्वक इसी साल मार्च में कर लिया गया है। दरअसल सफल लैंडिंग के लिए सूर्य की स्थिति के आधार पर तिथि तय की जाती है। इसे उतारते समय चंद्रमा पर सूर्य का प्रकाश होना आवश्यक है। 23 और 24 तारीखों में सूर्य का प्रकाश चांद पर रहेगा। यहां प्रत्येक 14 से 15 दिन अंधेरा रहता है। इसी को चांद का एक दिन और एक रात माना जाता है।

इसका 13 स्वदेशी वैज्ञानिक उपकरणों एवं उपग्रह समेत कुल वजन 4400 क्विंटल के करीब है। स्वदेशी एलवी मार्क तीन रॉकेट इसे अंतरिक्ष में पहुंचाएगा। इसके तीन भाग हैं। लैंडर, ऑर्बिटर और रोवर। रोवर में 'प्रज्ञान' बेहद महत्पूर्ण है। यही प्रज्ञान चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरने के बाद अपने काम में जुट जाएगा। यहां की सतह में पानी और खनिजों की खोज करेगा। चंद्रमा पर हीलियम की खोज करके उससे पृथ्वी पर फ्यूजन पद्धति से ऊर्जा की समस्या का हल करने की परिकल्पना वैज्ञानिकों के दिमाग में है। दरअसल फिलहाल चंद्रमा पर गहरा अंधेरा व सन्नाटा पसरा है। अतएव कृत्रिम तरीकों से बिजली पैदा की जाएगी। यहां जीवनदायी तत्व हवा, पानी और अग्नि नहीं हैं। ये तत्व नहीं हैं इसलिए, जीवन भी नहीं है। यहां साढ़े 14 दिन के बराबर एक दिन होता है। पृथ्वी पर ऐसा कहीं नहीं है। इसके बावजूद यहां मानव को बसाने की तैयारी में दुनिया के वैज्ञानिक जुटे हैं। इस अभियान के बाद भारत सूर्य और शुक्र ग्रहों पर यान भेजने की तैयारी में है। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो पहली बार अपने यान को चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतारने की कोशिश में है। याद रहे भारत द्वारा 2008 में भेजे गए चंद्रयान-1 ने ही दुनिया में पहली बार चंद्रमा पर पानी होने की खोज की है। चंद्रयान-2 की असफलता का विस्तार चंद्रयान-3 है। यह अभियान मानव को चांद पर उतारने जैसा ही चमत्कारिक होगा। इस अभियान की लागत करीब 7,000 करोड़ रुपये आएगी। चांद पर उतरने वाला यान अब तक चंद्रमा के अछूते हिस्से दक्षिणी ध्रुव के रहस्यों को खंगालेगा। चंद्रयान-3 इसरो का पहला ऐसा यान है, जो किसी दूसरे ग्रह की जमीन पर अपना यान उतारेगा। दक्षिणी ध्रुव पर यान को भेजने का




उद्देश्य इसलिए अहम है, क्योंकि यह स्थल दुनिया के अंतरिक्ष वैज्ञानिकों के लिए अब तक रहस्यमयी बना हुआ है। यहां की चट्टानें 10 लाख साल से भी ज्यादा पुरानी बताई गई हैं। इतनी प्राचीन चट्टानों के अध्ययनों से ब्रह्मांड की उत्पत्ति को समझने में मदद मिल सकती है। इससे इतर इस पर लक्ष्य साधने का अन्य उद्देश्य चंद्रमा के इस क्षेत्र का अब तक अछूता रहना भी है। दक्षिणी ध्रुव पर अब तक कोई भी यान नहीं उतारा गया है। अब तक के अभियानों में ज्यादातर यान चंद्रमा की भूमध्य रेखा के आसपास ही उतरते रहे हैं। चांद पर उतरने की दिलचस्पी इसलिए भी है, क्योंकि यहां एक तो पानी उपलब्ध होने की संभावना जुड़ गई है, दूसरे यहां ऊर्जा उत्सर्जन की संभानओं को भी तलाशा जा रहा है। ऊर्जा और पानी दो ही ऐसे प्रकृति के अनूठे तत्व हैं, जो मनुष्य को जीवित एवं गतिशील बनाए रख सकते हैं।

अंतरिक्ष में मौजूद ग्रहों पर यानों को भेजने की प्रक्रिया बेहद जटिल और शंकाओं से भरी होती है। यदि अवरोह का कोण जरा भी डिग जाए या फिर गति का संतुलन थोड़ा सा ही लड़खड़ा जाए तो कोई भी चंद्र-अभियान या तो चंद्रमा पर जाकर ध्वस्त हो जाता है, या फिर अंतरिक्ष में कहीं भटक जाता है। इसे न तो खोजा जा सकता है और न ही नियंत्रित करके दोबारा लक्ष्य पर लाया जा सकता है। दरअसल 7 सितंबर 2019 की रात्रि में 1:40 बजे भारत ने चंद्रयान-2 भेजा था। यह चंद्रमा की सतह पर उम्मीद के अनुसार उतर भी गया था। करीब एक घंटे सब कुछ योजना के मुताबिक ठीक चल रहा था। बेंगलुरु स्थित इसरो के नियंत्रण कक्ष में वैज्ञानिकों का समूह तालियों की गड़गड़ाहट में प्रसन्न था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस उड़ान को एकटक देख रहे थे, लेकिन रात्रि 2:50 बजे अभियान पर पानी फिर गया और वैज्ञानिकों के समूह की तालियां बंद हो गई। 1960 के दशक में जब अमेरिका ने उपग्रह भेजे थे, तब उसके शुरू के छह प्रक्षेपण के प्रयास असफल रहे थे। अविभाजित सोवियत संघ ने 1959 से 1976 के बीच 29 अभियानों को अंजाम दिया। इनमें से नौ असफल रहे थे। 1959 में रूस ने पहला उपग्रह भेजकर इस प्रतिस्पर्धा को गति दे दी थी। तब से लेकर अब तक 67 चंद्र-अभियान हो चुके हैं, लेकिन चंद्रमा के बारे में कोई विशेष जानकारी नहीं जुटाई जा सकी है। इस होड़ का ही नतीजा रहा कि अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जॉन एफ कैनेडी ने चंद्रमा पर मानव भेजने का संकल्प ले लिया। 20 जुलाई 1969 को अमेरिका ने यह ऐतिहासिक उपलब्धि वैज्ञानिक नील आर्मस्ट्रांग और बज एल्ड्रिन को चंद्रमा पर उतारकर प्राप्त भी कर ली। रूस ने 3 अप्रैल 1984 को वैज्ञानिक स्नेकालोव, मालिषेव बाईकानूर और राकेष षर्मा को अंतरिक्ष यान सोयूज टी-11 में बिठाकर चंद्रमा पर भेजने की सफलता हासिल की। चीन 2003 में मानवयुक्त यान चंद्रमा पर उतारने में सफल हो चुका है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर शहर में स्थित एक प्राचीन मंदिर है और शहर में स्थित सबसे बड़ा मंदिर है। भगवान शिव को समर्पित, मंदिर का निर्माण 7वीं शताब्दी में राजा जाजति केशरी ने करवाया था। लिंगराज मंदिर भुवनेश्वर में स्थित सबसे पुराने मंदिरों में से एक है, जहां भक्त भगवान शिव की हरिहर के रूप में पूजा करते हैं, जो शिव और विष्णु का एक संयुक्त रूप है।

## कांवड़ यात्रा

डॉ. घनश्याम बादल




# सावन में कांवड़ का खास महत्व

सावन के साथ ही कांवड़ यात्रा भी जारी है। इस बार अधिमास की वजह से दो श्रावण हैं अतः चार के स्थान पर आठ सोमवार के व्रत हैं। अधिकमास के चलते कांवड़ियों को यात्रा करने के लिए अधिक समय मिला इस बार। अधिकमास के स्वामी भगवान विष्णु हैं और सावन मास के स्वामी भगवान शिव इसलिए श्रद्धालुओं को सावन में भगवान विष्णु व भगवान शिव दोनों की ही कृपा प्राप्त होगी। सावन के दो महीने होने से श्रद्धालु इस बार असमंजस में हैं कि कांवड़ यात्रा कब तक चलेगी। इस बारे में धर्म गुरु कहते हैं कि कांवड़ यात्रा सावन शिवरात्रि तक ही चलेगी और शिवरात्रि का जल 16 जुलाई तक ही चढ़ेगा और उसी दिन तक कांवड़ यात्रा चलेगी। इसके बाद सावन मास में व्यक्तिगत रूप से कांवड़ लाना चाहें तो ला सकते हैं। पुराणों के अनुसार कांवड़ यात्रा भगवान शिव को प्रसन्न करने का सबसे सरल रास्ता है। कैसे शुरू हुई कांवड़ यात्रा की परंपरा यह जानना कांवड़ के मौसम में सम्यक रहेगा और यह जानना और भी रोचक होगा कि पहला कांवड़िया कौन था। अलग-अलग मिथकों के अनुसार परशुराम से लेकर श्रवण कुमार तक के पहला कांवड़िया होने के प्रसंग मिलते हैं। एक मान्यता के अनुसार, भगवान परशुराम ने सबसे पहले कांवड़ यात्रा की शुरुआत की थी। माना जाता है कि परशुराम गढ़मुक्तेश्वर धाम से गंगाजल लेकर आए थे और वर्तमान उत्तर प्रदेश के बागपत के निकट स्थित 'पुरा महादेव' का गंगाजल से अभिषेक किया था। उस समय सावन मास ही चल रहा था, इसी के बाद से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। आनंद रामायण के अनुसार भगवान राम पहले कांवड़िया थे। इस मिथक के अनुसार भगवान राम ने बिहार के सुल्तानगंज से गंगाजल भरकर देवघर स्थित बैद्यनाथ ज्योतिर्लिंग का अभिषेक किया था। उस समय भी सावन मास ही चल रहा था। कुछ प्राचीन ग्रंथों में रावण को भी पहला कांवड़िया बताया गया है। समुद्र मंथन के दौरान जब भगवान शिव ने हलाहल पान किया था, तब भगवान शिव का कंठ नीला हो गया था और वे तभी से नीलकंठ कहलाए थे, लेकिन विष के पीने के बाद नकारात्मक शक्तियों ने भगवान नीलकंठ को घेर लिया था। तब रावण ने महादेव को नकारात्मक शक्तियों से मुक्त के लिए ध्यान किया और गंगाजल भरकर 'पुरा महादेव' का अभिषेक किया, जिससे महादेव नकारात्मक ऊर्जाओं से मुक्त हो गए थे। तभी से कांवड़ यात्रा की परंपरा भी प्रारंभ हो गई। कतिपय विद्वानों की मान्यता है कि सबसे पहले त्रेतायुग में श्रवण कुमार ने कांवड़ यात्रा शुरू की थी। श्रवण ने अंधे माता पिता को तीर्थ यात्रा पर ले जाने के लिए कांवड़ बैठाया था। श्रवण कुमार के माता पिता ने हरिद्वार में गंगा स्नान करने की इच्छा प्रकट की थी, माता पिता की इच्छा को पूरा करने के लिए श्रवण कुमार कांवड़ में ही हरिद्वार ले गए और उनको गंगा स्नान करवाया। वापसी में वे गंगाजल भी साथ लेकर आए थे। बताया जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई थी। इस मान्यता में बताया गया है कि समुद्र मंथन के दौरान जब महादेव ने हलाहल विष का पान कर लिया था, तब विष के प्रभाव को दूर करने के लिए भगवान शिव पर पवित्र नदियों का जल चढ़ाया गया था, ताकि विष के प्रभाव को जल्दी से जल्दी कम किया जा सके। सभी देवता मिलकर गंगा से जल लेकर आए थे और भगवान शिव का जलाभिषेक किया। यह अभिषेक भी सावन में ही हुआ था। कहा जाता है कि तभी से कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई।

(लेखक फ्रीलांस राइटर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित

## दर्शन

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था।

# संतान गुस्सा हो तो उसे शांत करें



संकलित

## प्रेरणा

पुराने समय में एक दिन शिव जी और पार्वती जी ने विचार किया कि अब गणेश और कार्तिकेय का विवाह कर देना चाहिए। ये विचार करने के बाद उन्होंने कार्तिकेय स्वामी और गणेश जी को बुलाया और दोनों से कहा कि आप दोनों में से जो इस संसार की परिक्रमा करके पहले आएगा, हम उसका विवाह पहले कराएंगे। कार्तिकेय स्वामी तो अपने वाहन मोर पर बैठकर तुरंत उड़ गए, लेकिन गणेश जी अपने वाहन चूहे पर बैठे हुए थे। गणेश जी ने ने तुरंत ही माता-पिता की परिक्रमा कर ली और कह दिया कि आप दोनों ही मेरे लिए संसार हैं। दूसरी ओर, कार्तिकेय स्वामी को संसार की परिक्रमा करके लौटने में थोड़ा समय लग गया। जब कार्तिकेय स्वामी परिक्रमा करके लौटे तो उन्होंने देखा कि गणेश का विवाह हो गया है। गणेश जी को विवाहित देखकर कार्तिकेय स्वामी नाराज हो गए। उन्होंने शिव-पार्वती से कहा कि आपने ये सही नहीं किया है। क्रोधित होकर कार्तिकेय स्वामी क्रौंच पर्वत पर चले गए। ये क्रौंच पर्वत आज दक्षिण भारत में कृष्णा जिले में कृष्णा नदी के तट पर स्थित है। इसे श्रीपर्वत भी कहते हैं। शिव जी और देवी पार्वती ने कार्तिकेय स्वामी को समझाने की बहुत कोशिशें कीं, लेकिन कार्तिकेय शांत नहीं हुए। शिव-पार्वती समझ गए कि कार्तिकेय बहुत ज्यादा गुस्से में है और ये वापस भी नहीं आएगा। तब दोनों ने तय कि वे ही कार्तिकेय से मिलने जाते रहेंगे। इसके बाद हर अमावस्या पर शिव जी और पूर्णिमा पर देवी पार्वती कार्तिकेय से मिलने श्रीपर्वत पर आती हैं।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### दिल को झकझोर देने वाली प्राकृतिक आपदा

हिमाचल में 9 और 10 जुलाई 2023 को हुई भारी बरसात ने 15 जून 2013 को केदारनाथ में आई प्राकृतिक आपदा की याद दिला दी। दस साल बाद ठीक वैसा ही डरावना, भयावह, सभी को बेबस कर देने वाला और दिल को झकझोर देने वाला मंजर लोगों को देखने को मिला। इस तरह की प्राकृतिक घटना के घटित होने का क्या कारण हो सकता है, या यह कहें कि इस तरह की आपदाओं के लिए किसी की जिम्मेदारी किस तरह तय की जा सकती है। उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश दोनों पहाड़ी राज्य हैं। अरब सागर से गर्म हवाएं पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से राजस्थान से होते हुए, मानसूनी हवाओं और बारिश के साथ इन्हीं पहाड़ी राज्यों के पास आकर आपस में मिलती हैं और फिर इस तरह की विकट स्थिति उत्पन्न होती है।

*राजेश कुमार साहू, भाटापारा*

## ट्रेंड

### नैतिकता भूले सीएम



भाजपा कार्यकर्ताओं पर पटना में लाठीचार्ज राज्य सरकार की विफलता है। महागठबंधन की सरकार भ्रष्टाचार के किले को बचाने के लिए लोकतंत्र पर हमला कर रही है। जिस व्यक्ति पर चार्जशीट हुई है, उसे बचाने को बिहार के सीएम नैतिकता भूल गये हैं।

**-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष**

### कोई भूखा न रहे



पूरी दुनिया में, किसी को भी भूखा नहीं रहना चाहिए या कुपोषण की क्रूरता का सामना नहीं करना चाहिए। भूख से मुक्त दुनिया हमारी पहुंच में है, लेकिन हमें एकजुटता के साथ काम करना होगा।

**-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव**

### घोटाले की खबरें



मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार में एक बार फिर भर्ती में घोटाले की खबरें आ रही हैं। नौकरियों के लिए पदों की लाखों रुपये में बोली लगाए जाने की खबरें हैं। सरकार जांच कराने से क्यों कतरा रही है? भर्ती घोटालों से जुड़े होने के आरोप में भाजपा नेताओं का नाम ही क्यों सामने आता है?

**-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव**

### जवाब जरूर दूंगा



मुझसे कहा गया है कि मुझे अभी आस्क एसआरके करना चाहिए क्योंकि मैं जवान प्रिव्यू से जुड़े सवालों के जवाब देने के लिए कुछ नहीं कर रहा हूं। जाहिर तौर पर बहुत ज्यादा कुछ नहीं बताऊंगा लेकिन कुछ का जवाब जरूर दूंगा। तैयार आह?

**-शाहरुख खान, अभिनेता**




## करंट अफेयर

# पिछले साल 2.4 अरब लोगों को भोजन नहीं मिला : संरा


संयुक्त राष्ट्र (संरा) ने वैश्विक खाद्य सुरक्षा पर एक चिंताजनक रिपोर्ट में कहा कि पिछले साल 2.4 अरब लोगों को लगातार भोजन की प्राप्ति नहीं हुई और कम से कम 78.3 करोड़ लोगों को भूख से जूझना पड़ा। वैश्विक संस्था ने बताया कि इस वजह से 14.8 करोड़ बच्चों का विकास भी अवरुद्ध हुआ। संयुक्त राष्ट्र की पांच एजेंसियों ने खाद्य सुरक्षा एवं पोषण स्थिति रिपोर्ट 2023 में कहा कि 2021 और 2022 के बीच विश्व में भूखे लोगों की संख्या में कोई खास बदलाव नहीं हुआ लेकिन बहुत सी जगहों पर लोगों को गंभीर रूप से खाद्य संकट का सामना करना पड़ा। रिपोर्ट में पश्चिमी एशिया, कैरिबियाई देश और अफ्रीका को चिन्हित किया गया, जहां 20 फीसदी आबादी को भूख से जूझना पड़ा और यह वैश्विक औसत से दोगुना से भी ज्यादा है। खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) के महानिदेशक क्यू डोन्गयी ने कहा, 'वैश्विक महामारी से पहले के हालात में लौटने की गति असमान रही है और यूक्रेन में युद्ध ने पोषक तत्वों से संपन्न भोजन और स्वस्थ आहार को प्रभावित किया है।' उन्होंने कहा, 'यह नयी सामान्य स्थिति है, जहां जलवायु परिवर्तन, संघर्ष और आर्थिक अस्थिरता हाशिए पर रहने वाले लोगों को सुरक्षा से और दूर धकेल रही है।'



## ऑफ बीट

# एक्जिमा में ब्लीच स्नान है एक सामान्य उपचार

ब्लीच को डायल्यूट करके उससे स्नान करना एक सामान्य उपचार है जिसका उपयोग डॉक्टर और नर्स अधिक गंभीर एक्जिमा वाले रोगियों के लिए करते हैं। यहां यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि वे अन्य उपचारों को प्रतिस्थापित नहीं कर सकते हैं और यह स्नान सभी के लिए उपयुक्त भी नहीं हो सकते हैं। इस उपचार का उपयोग केवल त्वचा विशेषज्ञ या डॉक्टर के मार्गदर्शन में ही किया जाना चाहिए, जो सलाह दे सकता है कि क्या यह उचित है और व्यक्ति की स्थिति के अनुरूप ब्लीच को पानी मिलाकर पतला कर सकता है। तो यह कुछ एक्जिमा पीड़ितों के लिए क्यों और कैसे काम करता है। जब एक्जिमा बहुत सक्रिय होता है, तो त्वचा तरल पदार्थ से भर जाती है। बैक्टीरिया इस प्रकार के एक्जिमा में बसना और इसे संक्रमित करना पसंद करते हैं। इस प्रक्रिया को 'इम्पेटिगिनेशन' के रूप में जाना जाता है। जब यह प्रक्रिया एक्जिमा के बिना होती है, तो इसे इम्पेटिगो कहा जाता है। पानी और सोडियम हाइपोक्लोराइट (दूसरे शब्दों में, ब्लीच) का घोल कीटाणुओं को तेजी से मार देगा। और हम घावों पर किए गए अध्ययनों से जानते हैं कि घाव को साधारण रूप से धोने से बैक्टीरिया की संख्या कम हो जाती है।



गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

### 270 प्रशिक्षणार्थियों का हुआ चयन

# भूषण आई टी आई में मारूति सुजुकी लिमिटेड कम्पनी का केम्पस प्लेसमेन्ट आयोजित




सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** सिरसी मोड़ स्थित जयपुर के प्रतिष्ठित संस्थान भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. में भारत की प्रतिष्ठित कम्पनी मारूति सुजुकी लिमिटेड कम्पनी, जयपुर ने प्रशिक्षणार्थियों के चयन हेतु दो दिवसीय केम्पस प्लेसमेन्ट कार्यक्रम 12-13 जुलाई, 2023 को आयोजित किया। मारूति सुजुकी लिमिटेड कम्पनी द्वारा इस प्लेसमेंट कार्यक्रम में फिटर व मैकेनिक डीजल व्यवसायों के प्रशिक्षणार्थियों ने बडी संख्या में भाग लिया तथा साक्षात्कार के बाद कुल 270 प्रशिक्षणार्थियों का अन्तिम चयन किया गया। कम्पनी के एच.आर. मैनेजर जितेन्द्र लोहिया ने संस्थान के इन्फ्रास्ट्रक्चर, अनुशासन, प्रशिक्षण पद्धति एवं रोजगार प्रकोष्ठ के प्लेसमेंट स्टाफ के द्वारा प्रबंधन में सहयोग हेतु सरहाना की। भूषण प्राईवेट आई.टी.आई. संस्थान के प्राचार्य एन. के. सोनी ने बताया कि संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट हेतु संस्थान के प्लेसमेंट प्रकोष्ठ द्वारा 100 प्रतिशत रोजगार सहयोग किया जाता है तथा अन्य प्रतिष्ठित कम्पनियाँ यथा जे.सी.बी. इण्डिया लिमिटेड, बॉश, होण्डा कार इण्डिया लिमिटेड, हीरो मोटर कॉर्प, सुजुकी मोटर साईकिल, अशोक लीलेण्ड, पी एण्ड जी, एल एण्ड टी, जॉनसन लिफ्ट, रिलाईस, अडानी, एम.आर.एफ. आदि लगभग 40 कम्पनियाँ प्रति वर्ष केम्पस प्लेसमेंट हेतु आती है। सत्र 2022-23 में प्लेसमेंट विभाग द्वारा संस्थान के 600 से अधिक प्रशिक्षणार्थियों का निजी क्षेत्र में अन्तिम चयन हुआ।

प्लेसमेंट कार्यक्रम में संस्थान के प्राचार्य एन. के. सोनी ने यह भी बताया कि युवा तकनीकी कौशल प्रशिक्षण के क्षेत्र में आगे आये क्योंकि इसमें रोजगार एवं स्वरोजगार की अपार संभावनाऐं है। विभिन्न व्यवसायों यथा इलेक्ट्रीशियन, फिटर, रेफ्रिजिरेशन एण्ड एयर कण्डीशनिंग एवं मैकेनिक डीजल व्यवसायों से सम्बन्धित विभिन्न तकनीकी कार्यो जैसे मशीन ऑपरेशन, यांत्रिक तथा वैद्युतिक रख रखाव, मशीन टूल, गुणवत्ता-परीक्षण, मशीन स्थापना तथा उपकरण परीक्षण, शक्ति जनित्र आदि में उपरोक्त टेक्निशियन आवश्यक प्रशिक्षण के उपरान्त रोजगार प्राप्त कर सकते हैं।

### प्रभात फेरी परिवार ने की अनोखी पहल

# सहज, सादगी, पूर्ण वस्त्र ही व्यक्तित्व की पहचान है : संजय घीया

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (अनिल सिखवाल)।** श्रीमद् भागवत( प्रभातफेरी ) पिछले दिनों एक अनोखी पहल की है प्रभात फेरी परिवार के संयोजक संजय घीया का कहना है कि सहज सादगी पूर्ण वस्त्र ही व्यक्ति के व्यक्तित्व की पहचान हैं प्रभात फेरी परिवार द्वारा समाज, धर्म व मन्दिरों में वस्त्रों की सुचिता की अपील करने हेतु पिछले एक माह से चलाए जा रहे अभियान का समापन बुधवार को किया । परिवार संयोजक संजय घीया ने जानकारी देते हुए बताया कि इस अभियान के तहत परिवार द्वारा सभी पुरूष व महिलाओं से यह अपील की गई कि वे धार्मिक स्थलों पर छोटे वस्त्र जैसे हाफ-पेंट, बरमुड़ा, मिनी स्कर्ट, नाईट सूट, कटी-फटी जींस आदि पहनकर नहीं आए। इससे ना सिर्फ धार्मिक स्थलों व समाज में भी अच्छा संदेश जाएगा वरन नई पीढ़ी को भी अच्छे संस्कारों की सीख मिलेगी। इस अभियान के तहत परिवार द्वारा ब्यावर के सभी मन्दिरों पर इस तरह की सूचना देते हुए पोस्टर लगाए गए व ब्यावर के विभिन्न कॉलोनियों व क्षेत्रों में "सुचिता प्रभातफेरी" के माध्यम से श्रद्धालुओं से अपील की गई । ब्यावर के विभिन्न मन्दिरों में परिवार के सदस्यों द्वारा श्रद्धालुओं व भक्तजनों के साथ सामूहिक मीटिंग कर इस बारे में जागृति लाने का प्रयास किया गया। इस कार्य में जहां एक ओर भक्तजनों व श्रद्धालुओं का पूर्ण सहयोग मिला, वहीं विभिन्न मन्दिरों के पुजारियों का भी पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ उल्लेखनीय है कि प्रदेश व देश के ख्याति प्राप्त मन्दिरों में इस तरह की व्यवस्था पहले से ही लागू है व इस तरह के कपड़े पहने हुए भक्तों का प्रवेश निषेध है। परिवार ने इस कार्य में सभी के सहयोग पर आभार व्यक्त किया है।

# सर्वसमाज के आर्थिक सहयोग से किया कावड़िया शिविर का शुभारम्भ



सितारा न्यूज नेटवर्क

## भोले बाबा की पूजा अर्चना कर किया गया शिविर का शुभारम्भ

**रैणी(अलवर)महेश चन्द मीना ।** अलवर के रैणी-उपखंड क्षेत्र के गढ़ीसवाईराम कस्बे के जीएसएस परिसर मे सर्वसमाज के धर्म प्रेमियो के आर्थिक सहयोग से कावडियो की सेवार्थ हेतू गुरुवार को शिविर लगाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार जो कावडि ?1 हरिद्वार से भोले बाबा के अभिषेक के लिए जल लेकर आ रहे है उनकी सेवा के लिए भोजन , पानी , दवाईयां , नहाने सहित ठहरने की व्यवस्था हेतु गुरूवार को तीन दिवसीय शिविर लगाया गया है। शिविर शुभारम्भ से पहले भोले बाबा की नयनाभिराम झाँकी सजा कर कस्बे वासियों के द्वारा पूजा अर्चना की गई तथा आरती के पश्चात भोले के जयकारो के साथ शिविर का शुभारम्भ किया। इस दौरान स्थानीय सरपंच प्रतिनिधी धर्मचन्द बैरवा , मुरारीलाल जैमन , मोतीलाल जांगिड़ , नन्दलाल यादव , छुट्टन लाल मीना , गौरी शंकर मीना , विश्राम मीना , रमेश यादव , अशोक गोयल , अनुज खण्डेलवाल , कमल यादव सहित अनेक गणमान्य ग्रामवासी व कावडिये मौजूद थे। मिडिया को यह सारी जानकारी गढ़ीसवाईराम से राजेश राठौड के द्वारा दी गई है।

# लापरवाह चिकित्साकर्मी: ताले में बंद हुई नन्ही जिंदगी और मां

### जन्म देने वाली माँ जच्चा और बच्चा हुए ताले में बंद हॉस्पिटल स्टाफ रहा नदारद

सितारा न्यूज नेटवर्क




**सरमथुरा/अंकित गोयल।** सरमथुरा उपखण्ड के बड़ागांव पीएससी का है मामला ,कल महिला की हुई थी डिलीवरी ,2:00 बजे के बाद जब डॉक्टर ड्यूटी करके चला गया तो वहां ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग कर्मी एवं चपरासी भी हॉस्पिटल का ताला लगाकर वहां से चले गए, जाते वक्त भूल गए के अंदर एक नवजात शिशु के साथ में धात्री माँ और उसकी एक साथी महिला भी मौजूद थी ,लगभग 4 घंटे तक चिल्लाती रही महिला नहीं आया हॉस्पिटल का कोई भी नर्सिंग स्टाफ, 2:00 बजे के बाद जब स्टाफ चला गया उसके बाद चाय लेने के लिए जब वह बाहर आई तो मुख्य गेट से ताला लगा हुआ था महिला चिल्लाती रही लेकिन उसकी आवाज किसी न नहीं सुनी ,सुनता भी कौन हॉस्पिटल का स्टाफ तो वहां से पहले ही जा चुका था एक ओर राजस्थान सरकार गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को लेकर कई योजनाएं चला रही है लेकिन वहीं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बड़ागांव का नर्सिंग स्टाफ उनको ही हानि पहुंचाने का मन बना चुका है ,ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग कर्मियों को आला अधिकारियों का रिश्तेदार बताया जा रहा है। ऐसे में क्या नवजात शिशुओं की जिंदगी के साथ खिलवाड़ ऐसे ही होता रहेगा ,ग्रामीणों द्वारा भी नर्सिंग स्टाफ पर सही तरीके से काम न करने के आरोप लगाये है।

# नेक पहल : जयपुर ग्रामीण में किया जाएगा 10 लाख पौधारोपण

सितारा न्यूज नेटवर्क

**जयपुर।** जयपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हरित राजस्थान का सपना साकार करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा सघन पौधारोपण अभियान का आगाज किया जाएगा।

**15 जुलाई से 15 अगस्त तक चलाया जाएगा सघन पौधारोपण अभियान**

अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद डॉ. शिल्पा सिंह ने बताया कि 15 जुलाई से 15 अगस्त 2023 तक जिले के समस्त गांवों में सभी विभागों एवं स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से 10 लाख पौधारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

उन्होंने बताया कि पौधों की व्यवस्था हेतु वन विभाग, कृषि एवं उद्यानिकी विभाग, नरेगा द्वारा लगाई गई नर्सरीज, पंचायती राज संस्थाएं एवं स्वयं सेवी संस्थाओं से सहयोग लिया जाएगा। अभियान के तहत जयपुर जिले में छायादार पौधों की श्रेणी में नीम, पीपल, बरगद, शीशम, देशी बबूल, गुलमोहर, करंज आदि तथा फलदार पौधों की श्रेणी में नींबू, आमला, बील, जामून, अमरूद एवं अनार आदि पौधे लगाए जाएंगे।

सीईओ ने बताया कि पौधारोपण गांवों में वन क्षेत्र के बाहर हाल ही में निर्मित अमृत सरोवर, तलाई एवं जोहड़ की पाल, शमशान भूमि, चारागाह/ओरण/गोचर भूमि, खेल मैदान, मॉडल तालाब, राजकीय परिसर, सडक किनारे बंजर भूमि पर किया जाएगा। फलदार पौधे महात्मा गांधी नरेगा योजनांतर्गत व्यक्तिगत श्रेणी के पात्र लाभार्थियों के खेतों एवं घरों में लगाए जाएंगे।विभिन्न विभागों से समन्वय के अतिरिक्त नरेगा से नर्सरी स्थापना, पौधा खरीद, परिवहन, गढे खोदना, पौधारोपण एवं 3 वर्ष तक रखरखाव एवं पानी पिलाना चौकीदारी सहित समस्त संसाधन उपलब्ध कराये जा सकेंगे।

# काम करते समय करंट से मजदूर की मृत्यु

सितारा न्यूज नेटवर्क



**सरमथुरा/अंकित गोयल।** बाड़ी उपखण्ड के आगई थाना क्षेत्र में स्थित पत्थर गैंगसा यूनिट पर काम करते समय बिजली का करंट लगने से मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाड़ी अस्पताल की मॉम्युरी में पहुंचाया। जहां परिजनों की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। आंगई थाना अधिकारी रामनिवास मीणा ने बताया आंगई गांव स्थित गिर्राज गैंगसा पर मजदूर केशव (20) पुत्र लोकमन कुशवाह निवासी प्रेम फिलिंग स्टेशन के सामने धौलपुर रोड बाड़ी पत्थर कटिंग कर रहा था। इस दौरान उसे करंट लग गया। जिससे उसकी मौत हो गई। साथी मजदूर विष्णु और अशोक ने बताया कि वह आज सुबह आगई स्थित गिर्राज गैंगसा पर केशव के साथ पत्थर की कटिंग का काम कर रहे थे। इस दौरान केशव हैंड कटर से पत्थर काट रहा था। अचानक से केशव को करंट लगा और वह जब कुछ जब तक कुछ समझ पाते। केशव बेहोश हो गया। इस पर उन्होंने जैसे-तैसे हैंड कटर को उसके हाथ से अलग कर हटाया और केशव को होश में लाने की कोशिश की। लेकिन उसके होश में नही आने पर उसे बाड़ी सामान्य अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर्स ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा के आधार पर कार्यवाही की गई है। पुलिस एसएचओ रामनिवास मीणा का कहना है कि प्रथम द्दष्टया घटना के पीछे बिजली करंट ही कारण है। फिर भी मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की तहरीर पर मामला दर्ज करते हुए कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केशव की शादी नहीं हुई थी।



### लापरवाही ने ले ली एक मजदूर की जान

गैंगसा यूनिटों पर लाइट का काम करने वाले मजदूरों को सेफ्टी के लिए हाथों में रबड़ के ग्लव्स होना चाहिए पैरो में जूते सेफ्टी हेलमेट सेफ्टी जैकेट पहनी होनी चाहिए जबकि केशव ने इनमे से कुछ भी नही पहना हुआ था अगर केशव ने सेफ्टी के साथ काम किया होता तो ये हादसा नहीं होता केशव की मृत्यु के बाद घर बालो का रो रो कर बुरा हाल है।

# विराट अग्रमहाकुम्भ को लेकर बरौली इकाई मै वैठक हुई आयोजित

सितारा न्यूज नेटवर्क





**सरमथुरा/अंकित गोयल।** कस्वे की वरौली ईकाई मै अग्रवाल समाज की वैठक आयोजित की गई। जिसमे जयपुर मै होने वाले महाअग्रकुम्भ को लेकर बिचार विमर्श किया गया। वैठक की अध्यक्षता महिला जिला अध्यक्ष प्रीती अग्रवाल ने की।वही विशिष्ट अतिथि के रूप मै सरमथुरा समाज अध्यक्ष जगदीश बंसल, महामंत्री गणेश गोयल, महिला मंडल अध्यक्ष सपना गोयल, नबयुबक मंडल अध्यक्ष अविनाश गर्ग एवं महामंत्री प्रवीण सिंघल, उपाध्यक्ष पवन गोयल ने शिरकत की।कार्यक्रम मै होने बाले विराटअग्र कुम्भ मै अधिक से अधिक अग्रबंधुओ को जाने की अपील की गई।वही बरौली इकाई के अग्रबंधुओ ने पूरा समर्थन करते हुये अधिक से अधिक लोगो को पहुँचाने का आश्ववाशन दिया।वही अग्रवाल महिला जिलाध्यक्ष प्रीती अग्रवाल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये बताया जयपुर मै होने बाले विराट अग्रमहाकुम्भ का आयोजन 23 जुलाई को होने जा रहा है।और इसमें लाखो की संख्या मै अग्रबंधु पहुंचेंगे। जहाँ पर जाकर समाज की एकता के लिए,युवा पीढ़ी के उज्ववल भविष्य के लिए, व्यापारियों के हितो की रक्षा के लिए,समाज के राजनैतिक अस्तित्त्व के लिए, समाज के स्वाभिमान एवं सम्मान के लिए एवं अग्रोहा के विकास एवं निर्माण के लिए, समाज का एक दिन दें। और समाज की एकता और अखंडता का संदेश दें।कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल महिला जिलाध्यक्ष प्रीती अग्रवाल, अग्रवाल नबयुवक मंडल उपाध्यक्ष लवकुश गर्ग, वरौली इकाई अध्यक्ष सतीश सिंघल, महामंत्री संजय गर्ग, महिला मंडल अध्यक्ष गीता गर्ग, महामंत्री मीना मित्तल, नबयुवक मंडल अध्यक्ष पारस जिंदल, महामंत्री देवेश बंसल, सरमथुरा कोषाध्यक्ष रजत गर्ग सहित बड़ी संख्या मै अग्रबंधु उपस्थित रहें

# विदेश में जलवा: हिंगोनियां की मोनिका कुमावत लेगी थाईलैण्ड में प्रशिक्षण

सितारा न्यूज नेटवर्क



**हिंगोनियां/शंकरलाल कुमावत।** कस्बे की मोनिका कुमावत पुत्री गोपीराम कुमावत क्लासिक टेलर महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय के माध्यम से थाईलैण्ड में जाकर विशेष प्रशिक्षण प्राप्त करेगी। गोपीराम कुमावत ने बताया कि विश्वविद्यालय के संघटक विभाग मात्स्की महाविद्यालय के माध्यम से मत्स्य प्रशिक्षण एवं मूल्य संवर्धन के अलावा मत्स्य विज्ञान के अन्य विषयों पर गहन प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। प्रयोजना प्रभारी डॉ. पीके सिंह ने बताया कि बीएफएससी तृतीय वर्ष की छात्रा मोनिका कुमावत हिंगोनियां निवासी एवं द्वितीय वर्ष के अनील सिंह शेखावत भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली के प्रायोजित कार्यक्रम के तहत 60 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के लिए प्रिंस आफ सींगकला कृषि उद्योग विश्वविद्यालय थाईलैण्ड में पहुंचे हैं। छात्रा मोनिका कुमावत ने थाईलेण्ड पहुंच कर बताया कि यहां का वातावरण ठीक है। मैं प्रशिक्षण प्राप्त कर कृषि के क्षेत्र में नवाचार करना चाहती हूं। मोनिका कुमावत के पैतृक गांव छोटा मठ बेनिया का बास में खुशी का माहौल बना हुआ है तथा घर पर बधाईयां देने वालों का तांता लगा हुआ है। ग्राम वासियों ने परिजनों को बधाईयां दी एवं मोनिका के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### वृक्षारोपण बने जन अभियान : डॉ कैलाश वर्मा

# पूर्व संसदीय सचिव डॉ. कैलाश वर्मा ने की हरित बगरू वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत







सितारा न्यूज नेटवर्क

**बगरू।** बगरू विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एवं संसदीय सचिव डॉ. कैलाश वर्मा ने बगरू विधानसभा क्षेत्र को हरा भरा बनाने एवं पर्यावरण हेतु लक्ष्मीपति जगदीश की नगरी गोनेर में पौधरोपण कर-के हरित बगरू वृहद वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की। इस दौरान डॉ. वर्मा ने कहा कि पर्यावरण का संरक्षण हमारी नैतिक जिम्मेदारी है एवं स्वस्थ जीवन के लिए आवश्यक भी है तथा में जनता जनार्दन से भी आह्वान करता हूं कि प्रति परिवार कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाएं। डॉ. कैलाश वर्मा ने उपस्थित नागरिकों एवं पार्टी कार्यकताओं से भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के प्रस्तावित दौरे को लेकर भी जानकारी दी। डॉ. वर्मा के निजी सचिव हनुमान लोहिया ने बताया कि हमारा इस वर्षा ऋतु में बगरू विधानसभा क्षेत्र में ग्यारह हजार वृक्षारोपण का लक्ष्य है। इस दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि भाजपा पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक बंधु मौजूद रहे।

# कथा श्रवण से होती है आत्म बल की वृद्धि : सिद्धि कुमारी

### विधानसभा क्षेत्र बीकानेर पुर्व के तिलकनगर, शिवा बस्ती, गंगाशहर में चल रही कथाओं को श्रवण करने पहुँची सिद्धि कुमारी

सितारा न्यूज नेटवर्क





**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** शिवाबस्ती में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा श्रवण करने पहुँची विधानसभा क्षेत्र पूर्व से विधायक सिद्धि कुमारी ने कथा श्रवण करते हुवे कहा कि भक्ति से ही शक्ति का संचार होता है धार्मिक कथा श्रवण से आत्मबल का विकास होता हैं में सौभाग्यशाली हूँ की आपने मुझे ये अवसर दिया कथा वाचक बालव्यास, आरती रांकावत ने बीकानेर के राजपरिवार और माँ करनी के बीकानेर के लोगो पर आशीर्वाद का वर्णन करते हुवे बताया की ये धरा धर्म की धुरी हैं इस अवसर पर पार्षद बजरंग सौखल , गौरव चौधरी , दलीप जाखड़ हरिराम जाखड़ , सोन लाल सेन , चत्रभुज सेन , मांगीलाल मंगलाव , कानाराम मागर , रूप टाक , मनोज चायल , भँवर महाराज भगवानाराम माली , किशन जी लिम्बा , पवन महाराज , रघुनाथ चौधरी , मोहनलाल गोदारा , राजकुमार सोनी पुनमचंद गेदर , मूल जी , गेनाराम दैया , भँवर चौधरी ओम सोनी , आदि उपस्थित रहे। इसके साथ ही बीकानेर पूर्व विधानसभा क्षेत्र के तिलकनगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा व सत्संग में पहुँच विधायक सिद्धि कुमारी विधायक सिद्धि कुमारी ने लोगो से इन संस्कारों को अपने जीवन में उतारने की प्रेरणा दी कथा वाचक संतश्री हरिशरण महाराज ने संत महिमा का वर्णन किया इस मौके पर महिलाओं ने विधायक का स्वागत किया व वार्ड में चल रहे कार्यों के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया इस अवसर पर राधेस्याम सोनी कैलाश सोनी , श्रवण सोनी संदीप सोनी , रतनसिंह लूँनखा , पूजा जयश्री , पारुल , मोहिनीदेवी , हरिराम , गजानंद नाई , मोहन मारू , रूघनाथ सिंह , धर्मपाल आदि साथ रहें

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

सितारा न्यूज ब्रीफ

## स्वर्गीय मदनलाल सैनी की मूर्ति का अनावरण समारोह हुआ आयोजित



सितारा न्यूज नेटवर्क

**सीकर/जनीश सिंह।** सीकर के राधाकिशनपुरा में राजनीति के पुरोधा स्वर्गीय मदन लाल सैनी जी की जयंती समारोह में उनकी मूर्ति अनावरण के शुभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, वरिष्ठ भाजपा नेता ओम प्रकाश माथुर, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सीपी जोशी, उपनेता प्रतिपक्ष सतीश पूनिया, पूर्व सैनिक कल्याण मंत्री प्रेम सिंह बाजोर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष महरिया, वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र गहलोत, सीकर सांसद सुमेधानंद सरस्वती, झुंझुनू सांसद नरेंद्र कुमार, किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी, हरिराम रंणवा, किसान नेता झाबर सिंह खर्रा, किसान मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुमन कुलहरी गढ़वाल, अशोक सैनी भादरा, डॉ. नेकी राम आर्य, प्रसिद्ध इतिहासकार महावीर जी पुरोहित, स्वर्गीय मदन लाल सैनी की धर्मपत्नी पतासी देवी, उनके सुपुत्र मनोज कुमार, पुत्रवधू रेणुका सैनी, उनके छोटे भाई जगदीश सैनी, मूर्ति निमार्ता महावीर और निर्मला कुलहरी सहित बड़ी संख्या में विशिष्ट जनप्रतिनिधि और हजारों कार्यकर्ता स्वर्गीय मदन लाल सैनी जी के परिवार के प्रति सम्मान व्यक्त करने और अपने प्रिय नेता को श्रद्धांजलि अर्पित करने आए। इस अवसर पर संत सानिध्य ब्रह्मचारी गणेश चैतन्य महाराज जिला सर्वदर्शन अखाड़ा मंडल समिति अध्यक्ष, लोहार्गल धाम के पीठाधीश्वर अवधेश आचार्य महाराज, पारसनाथ, साध्वी योग स्वामी अनादि सरस्वती साध्वी अजमेर का रहा।



## नहर और माइनरों के निर्माण कार्य में घोटाले का आरोप



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** भारतीय किसान मजदूर संघ की संभाग प्रभारी ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को शिकायत भेजकर जिला कलेक्टर से लेकर जल संसाधन विभाग के अधिकारियों की शिकायत की है। जिला कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम भेजी गई शिकायत में संभाग प्रभारी कल्पना चौधरी ने जल संसाधन विभाग पर उर्मिला सागर से निकली नहर और माइनरों के निर्माण कार्य में घटिया सामग्री के उपयोग में लाने का आरोप लगाते हुए अधिकारियों की मिलीभगत की शिकायत किया है।

शिकायत में बताया गया है कि बिना गुणवत्ता और बेहद घटिया निर्माण सामग्री से जल संसाधन विभाग ठेकेदार के जरिए उर्मिला सागर से निकली नहर और माइनरों के निर्माण कार्य को कर रहे हैं। शिकायत पत्र में संभाग प्रभारी ने बताया है कि ठेकेदार किसानों की मिट्टी को उठाकर उपयोग में ले रहा है, जिससे किसानों के खेतों में बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। ठेकेदार द्वारा बरती जा रही लापरवाही और घटिया निर्माण सामग्री को लेकर भारतीय किसान संघ ने जिला कलेक्टर को कई बार शिकायत दी है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए शिकायती पत्र में संभाग प्रभारी ने बताया कि कलेक्टर ने अभी तक उनकी शिकायत पर कोई भी एक्शन नहीं लिया है। भारतीय किसान मजदूर संघ ने मुख्यमंत्री से 7 दिनों में मामले की जांच कराने की मांग की है। मामले की जांच ना होने पर किसानों के परिवारों के कलेक्ट्रेट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठने की चेतावनी भी दी है।

## दो सड़क हादसों में 7 लोग घायलः अस्पताल में कराया गया भर्ती, 2 बाइक की हुई टक्कर



सितारा न्यूज नेटवर्क

**धौलपुर।** धौलपुर जिले में 2 अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में 7 लोग घायल हो गए। दोनों हादसों में घायल हुए सभी लोगों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में भर्ती कराया गया है। सदर थाना क्षेत्र के तोर गांव में गुरुवार दोपहर 2 बाइक की आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। हादसे में 6 लोग घायल हो गए। जिला अस्पताल में भर्ती कराए गए घायलों के परिजनों ने बताया कि एक बाइक पर सवार सुरेश अपनी पत्नी शारदा और पुत्री ललिता के साथ धौलपुर से मनिया की ओर जा रहा था। इसी दौरान सामने से आ रही दूसरी बाइक से टक्कर हो गई। हादसे में तीनों लोगों के साथ दूसरी बाइक पर आ रहे सुरेंद्र, हीरालाल और रविंद्र घायल हो गए, जिन्हें घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सदर थाना पुलिस की मदद से एंबुलेंस द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

दूसरा हादसा बाड़ी रोड पर मतसुरा गांव के पास हुआ, जहां एक बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार गंभीर घायल हो गया। घायल बाइक सवार को लेकर अस्पताल पहुंचे एंबुलेंस चालक वीरेंद्र मिश्रा ने बताया कि सड़क पर घायल पड़े होने की सूचना पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बेहोशी की हालत में होने पर घायल की पहचान नहीं हुई है। जिसका डॉक्टरों की देखरेख में इलाज चल रहा है।

जलाभिषेक टीम का ग्रामीणों द्वारा किया गया स्वागत

# 350 किलोमीटर हरिद्वार से गूँती पैदल चलकर 51 लीटर गंगा जल से किया भोलेनाथ का जलाभिषेक

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा / बहरोड।** भक्तों में भगवान के प्रति आस्था, सच्ची श्रद्धा और आत्म विश्वास का परिणाम है कि भक्त अपने भगवान को रिझाने के लिए कुछ भी कर सकते हैं। इसी श्रद्धा और विश्वास के साथ भगवान भोलेनाथ के भक्तों की आस्था बहरोड़ के युवाओं में देखने को मिल रही है। बहरोड़ के 10 युवाओं का एक ग्रुप 51 लीटर गंगा जल की कावड़ लेकर गांव पहुँचे। जो करीब 350 किमी. पैदल चलकर गुरुवार 13 जुलाई को गांव पहुँचे।





जहां ग्रामीणों द्वारा फूल मालाओं से स्वागत कर गादोज रोड़ पर स्थित शिव मंदिर पहुंचकर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। जो शायद बहरोड़ विधानसभा क्षेत्र ही नहीं बल्कि पूरे जिले में पहला ऐसा इतिहास होगा। गौरतलब है कि बहरोड़ उपखण्ड के गूंती गॉव के 10 युवा पिछले 3 साल से हमेशा डाक कावड़ लेकर आया करते है। लेकिन इस बार उन्होंने कुछ नया करने का मानस बनाया। युवक नेमीचंद बबेरवाल ने बताया कि 51 लीटर गंगाजल के साथ पैदल चलकर कावड़ लाने के लिए गॉव के 10 युवाओं की टीम तैयार की गई।



जिसमें नेमी बबेरवाल के साथ बिरजानन्द, योगेश कुमार, नाहर सिंह, मनीष कुमार, सुनील कुमार, प्रदीप कुमार, प्रीतम एवं वीरेन्द्र शामिल हो गए। कावड़ यात्रा में कोई परेशानी ना हो इसके लिए सभी युवाओं ने नियमित अभ्यास करना शुरू कर दिया। 4 जुलाई को सभी युवा हरिद्वार के लिए रवाना हो गए और 5 जुलाई को सुबह हर की पेड़ी घाट से बम-बम भोले के जयकारे के साथ वीरेन्द्र प्रजापत ने 51 लीटर गंगाजल से भरी हुई कावड़ उठाई और गांव के लिए रवाना हो गए।

पौधारोपण के साथ प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

## बोर्ड परीक्षा में 80% से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 31 छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर किया सम्मानित





**जयपुर (सुनील कुमार पाराशर)।** मेरा अधिकार संस्था के सानिध्य में पार्क व्यू कॉलोनी खातीपुरा रोड, हसनपुरा जयपुर स्थित पाराशर चिल्ड्रन पैराडाइज पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में पौधारोपण व प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे स्कूल निदेशक रामलाल पाराशर ने गुलमोहर का पौधा लगाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। कार्यक्रम में मेरा अधिकार संस्था के अध्यक्ष दीपक शर्मा के निर्देशन में सत्र 2022-23 के दसवीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 31 छात्र- छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के इस मौके पर कार्यक्रम के संयोजक सुनील जैन ने कहा कि पौधों के कारण आज मनुष्य जीवित है यदि पेड़ पौधे नहीं होंगे तो मनुष्य को प्राणवायु नहीं मिलेगी जिसके अभाव में मनुष्य का जीवन संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज जो पौधारोपण किया है वह हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए अमूल्य उपहार होगा।क्योंकि यह पेड़ पौधे बड़े होकर सदियों तक सभी को जीवन के रूप में ऑक्सीजन देते रहेंगे। स्कूल के निदेशक रामलाल पाराशर ने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्रों को रूचि क्षमता से दर्शन एवं योग्यता के आधार पर अपने पीछे एवं केरियर की चयन करना चाहिए, कम अंक वाले छात्र भी सफल छात्रों से प्रेरणा ले सकते, साथ ही उन्होंने कहा कि डर के आगे जीत होती है। इस मौके पर प्रिंसिपल शुगर सिंह प्रभु दयाल नवीन वर्मा खुशबू वर्मा मंजू बघेल तनीषा पाराशर कविता कवर समस्त स्टाफ मौजूद रहे।

शिक्षा मनोविज्ञान विषय विशेषज्ञ सिखवाल सर ने भी की शिरकत

## सलामत मेमोरियल इंग्लिश मीडियम विद्यालय के ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म का हुआ आगाज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**ब्यावर (नि. स.)।** सलामत मेमोरियल इंग्लिश मीडियम स्कूल अलीनगर ब्यावर में डिजिटल आगाज 2023 कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरआत बच्चों के लिए वर्ल्ड क्लास टेक्नोलॉजी युक्त डिजिटल स्मार्ट बोर्ड तथा कंप्यूटर लैब का उद्घाटन किया गया तथा ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को बेहतर करियर गाइडेंस एवम प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रॉपर तैयारी क्लासेज का आगाज किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनाब कर्नल मोहम्मद सलीम काठात, आशा बरेसा (प्रधानाचार्या राज उच्च मा. विद्यालय नुंद्री मेंद्रातान) विशिष्ठ अतिथि में कृतिका पब्लिकेशन लेखक एवं शिक्षा मनोविज्ञान विषय विशेषज्ञ अनिल सिखवाल सर,दीममोहम्मद काठात अध्यक्ष करणाजी की डांग, रोशन काठात जालिया, मनोहर काठात, पीरू पीटीआई, कैप्टन सुवा काठात ,सलीम काठात, महेंद्र काठात ,सुल्तान खां, उस्मान फोजी,कमांडो शकरुदीन, हाकम काठात, रसूल ,सरदारा ,देबी काठात, यूनुस भाई,भीमा,कोहिनूर, हाजी प्रवीण काठात,लक्ष्मण कटारिया,सुंदर सर एवम क्षेत्र के अभिभावकों के समक्ष डिजिटल आगाज किया गया, संस्था डायरेक्टर साबीर काठात ने सभी मेहमानों एवम अभिभावकों को डिजिटल बोर्ड की कार्य प्रणाली एवम बच्चो को ऑडियो,वीडियो, माध्यम से सीखने में इस बोर्ड की महत्व को बताया कर्नल सलीम ने के डिजिटल आगाज की शुरआत को क्षेत्र के विद्यार्थियों तथा प्रतियोगी के ब्राइट फ्यूचर के विकास में अहम योगदान बताया। कृतिका पब्लिकेशन के लेखक एवं शिक्षा मनोविज्ञान विषय विशेषज्ञ सिखवाल,सर ने डिजिटल प्लेटफार्म की महत्ता से सरोकार करवाया।






## घर मे घुसकर मारपीट करने का आरोप, पुलिस थाने में हुआ मामला दर्ज

सितारा न्यूज नेटवर्क

**वी.पी.मीणा /बहरोड़।** कस्बे के जागुवास चौक निवासी एक महिला ने पुलिस थाने में मामला दर्ज करवाया कि बीते दिन शाम 6 बजकर 30 मिनट की घटना है। मैं व मेरी देवरानी सुमन मेरी भतीजी ममता घर पर थी। अंदर से गेट बंद कर रखा था। तभी हमारे बाथरूम की साइड से दीवार कूदकर हरिसिंह यादव निवासी मावडी व इनके साथ 5 आदमी और थे। सभी एक राय होकर हमारे मकान में नाजायज कब्जा करने व हमारे साथ जानलेवा हमला करने व लूटपाट करने की नियत से जबरन नाजायज प्रवेश किया। इनके हाथों में लोहे के सरिया थे। हमारे घर के मुख्य गेट का ताला तोड़ दिया व हमने विरोध किया तब मेरे व मेरी देवरानी सुमन व भतीजी ममता के साथ पटक कर मारपीट की। व हमारे कपड़े हटाकर हमें बहुत बेरहमी से थप्पड़ व लात घुस्सो से मारपीट की। हमारे गुप्तांगों मे लात मारे। इन लोगों ने मेरी भतीजी ममता की सोने की चैन तोड़ दी। जिससे उसके गले में भी चोट आई है। हमने शोर मचाया तब लोग आसपास देखते हुए पहुँचे। पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर घटना के संबंध में जांच में जुटी।

## डॉ. जितेन्द्र आचार्य ईएमडी विभाग के प्रभारी नियुक्त

सितारा न्यूज नेटवर्क

**उमेश कुमार मोदी/बीकानेर।** पीबीएम अस्पताल के अधीक्षक डॉ. पीके सैनी ने गुरूवार को एक आदेश निकाल कर इलेक्ट्रॉकि एंड मैकेनिकल विभाग का प्रभारी दंत रोग विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. जितेन्द्र आचार्य को नियुक्त किया है। इससे पूर्व यह जिम्मेदारी डॉ. अरूण शर्मा संभाल रहे थे। अधीक्षक डॉ. सैनी ने आदेश तुरंत प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिये है।




27 इंच पाइप लाइन की मरम्मत का चल रहा है काम

## 15 को नहीं होगी वाटर सप्लाई

**जोधपुर।** जोधपुर में कुछ क्षेत्रों में 15 जुलाई को वाटर सप्लाई बाधित रहेगी। चौपासनी फिल्टर हाउस पर रखरखाव कार्य व 27 इंच पाइप लाइन का मरम्मत कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 15 जुलाई को सुबह 8 बजे से शूरु होगा और 16 जुलाई की सुबह 8 बजे तक चलेगा। इसके कारण विभिन्न जोन एवं क्षेत्रों में जलापूर्ति बाधित एवं कम दबाव से होगी। तथा 15 जुलाई को होने वाली जल सप्लाई 16 को तथा 16 को की जाने वाली जलापूर्ति 17 जुलाई को की जाएगी। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिशाषी अभियंता राजेश कुमार अग्रवाल ने बताया कि नगर खण्ड चौपासनी फिल्टर हाऊस से जुड़े क्षेत्र अपना नगर, महावीर पुरम, विजय नगर, आशापूर्णा नगर, शिक्षक कॉलोनी, पठानकोट, प्रेमविहार, भादरवा, चौपासनी गांव गली संख्या 1 से 11 आदि क्षेत्र, नगर उपखण्ड पाल रोड से जुड़े क्षेत्र एम्स रोड, खेमे का कुंआ, सुभाष नगर, दिग्विजय नगर, शिभावतों की ढाणी रोड, सीताराम नगर, ओऐसिस से डी.पी.एस. आदि जगह नहीं होगी।

# श्याम रंग में रींगस... रींगस में बनेगा भव्य श्याम तोरण द्वार






## रखी गई आधारशिला

सितारा न्यूज नेटवर्क

**रींगस(अरविन्द कुमार)।** रींगस कस्बे में बनने वाले भव्य श्याम तोरण द्वार की आधारशिला रखी गई जिसमें किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह खंडेला व जिला कलेक्टर डॉ अमित यादव के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भूमि पूजन किया गया। किसान आयोग के अध्यक्ष महादेव सिंह व कांग्रेस नेता सुभाष मील द्वारा पांच नदियों के जल, पंचधातु व 5 चांदी की सिलिया रखकर श्री श्याम तोरण द्वार की नींव रखी गई। मुहूर्त कार्यक्रम के दौरान श्री श्याम मंदिर कमेटी के पदाधिकारी



गजेंद्र सिंह चौहान, विक्रम सिंह चौहान, महेंद्र सिंह चौहान, विजय सिंह चौहान, चंवर सिंह चौहान, कुशाल सिंह आदि के द्वारा खंडेला विधायक महादेव सिंह व कांग्रेस नेता सुभाष मील का साफा बंधवा कर व श्याम दुपट्टा पहना कर स्वागत किया गया।

आपको बता दें कि रींगस कस्बे के भैरुजी मोड़ पर बनने वाला श्याम तोरण द्वार देश का सबसे भव्य तोरण द्वार होगा जिसमें सबसे ऊपरी भाग पर तीन बाण का श्याम प्रतीक चिन्ह सहित भगवान विष्णु के वाहन गरुड़ विराजमान होंगे वही मध्यम भाग में राम भक्त हनुमान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस तोरण द्वार का निर्माण श्याम भक्तों द्वारा आपसी सहयोग से किया जा रहा है जो करीब 4 माह में बनकर तैयार होगा।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

खबर संक्षेप



## शुभम ने 67 किग्रा में जीता स्वर्ण पदक

**ग्रेटर नोएडा।** भारतीय भारोत्तोलक शुभम टोडकर ने गुरुवार को यहां राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप के दूसरे दिन 61 किग्रा स्पर्धा का स्वर्ण पदक अपने नाम किया लेकिन वह इस वजन वर्ग में सर्वश्रेष्ठ भारोत्तोलक नहीं बने, यह बाजी हमवतन सिद्धांत गोगोई ने जूनियर वर्ग में मारी। शुभम आगामी विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में शामिल हैं, उन्होंने 259 किग्रा (115 किग्रा + 144 किग्रा) का वजन उठाया जबकि सिद्धांत का सर्वश्रेष्ठ प्रयास 260 किग्रा (112 किग्रा + 148 किग्रा) का रहा जिससे वह जूनियर चैंपियन बने। सिद्धांत ने शंकर लापुंग को पछाड़ा जिन्होंने 249 किग्रा का वजन उठाया।

## चेन्नईयिन एफसी ने मरे से करार किया

**चेन्नई।** इंडियन सुपर लीग टीम चेन्नईयिन एफसी ने 2023-24 सत्र से पहले आस्ट्रेलियाई फुटबॉलर जोर्डन मरे के रूप में पहले विदेशी खिलाड़ी के तौर पर करार किया। जोर्डन पिछले सत्र में थाईलैंड के क्लब नाखोन रातचासिमा एफसी की ओर से खेले थे। वह पहले भी आईएसएल में खेल चुके हैं। जोर्डन ने 2020-21 सत्र में केरला ब्लास्टर्स एफसी की ओर से खेलते हुए आईएसएल में पदार्पण किया था और फिर वह 2021-22 सत्र में जमशेदपुर एफसी के लिये खेले थे जिसमें उन्होंने आईएसएल शील्ड भी जीती थी। आईएसएल के इन दो सत्र में उन्होंने 34 मैचों में 11 गोल दागे थे।



## एंथनी को भारतीय कोच बनाने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ की तकनीकी समिति ने गोकुलम केरल एफसी को पिछले दो सत्र में इंडियन वूमेंस लीग खिताब दिलाने वाले एंथनी एंड्रयूज को भारतीय महिला टीम का कोच बनाने की सिफारिश की है। एंड्रयूज भारत के उन युवा कोच में शामिल हैं जिनके पास एएफसी 'ए' लाइसेंस है। उनके कोच रहते हुए गोकुलम केरल ने 2020-21 और 2022-23 में आईडब्लूएल का खिताब जीता था। अपने जमाने के दिग्गज फुटबॉलर आईएम विजयन की अध्यक्षता वाली एआईएफएफ की तकनीकी समिति ने एंड्रयूज को भारतीय महिला टीम का कोच बनाने की सिफारिश की है।



## साइना ने अमरनाथ में किए शिवलिंग के दर्शन

**श्रीनगर।** शीर्ष बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल ने गुरुवार को यहां दक्षिण कश्मीर हिमालय में स्थित अमरनाथ की पवित्र गुफा में प्राकृतिक रूप से बर्फ से बने शिवलिंग के दर्शन किए। अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि साइना सोनमर्ग में एक रिजॉर्ट में ठहरी हैं जो यात्रा के बालटाल 'बेस कैंप' के रास्ते में पड़ता है। अधिकारियों ने कहा कि साइना ने अपनी मां ऊषा नेहवाल के साथ भगवान शिव की पवित्र गुफा के दर्शन किए।

## विद्वत के चार विकेट दक्षिण क्षेत्र का दबदबा

**बेंगलुरु।** दक्षिण क्षेत्र के तेज गेंदबाजों ने गुरुवार को यहां दलीप ट्राफी फाइनल के दूसरे दिन पश्चिम क्षेत्र के स्टंप तक 129 रन के स्कोर पर सात विकेट झटककर पहले दिन टीम के खराब प्रदर्शन की भरपायी करने में मदद की। पश्चिम की टीम अब भी दक्षिण क्षेत्र से 84 रन से पिछड़ रही है। इससे पहले दक्षिण क्षेत्र की टीम पहली पारी में 213 रन पर सिमट गई थी जिसने सुबह सात विकेट पर 182 रन से खेलना शुरु किया था। पृथ्वी शॉ और हार्विक देसाई ने पश्चिम क्षेत्र को एक विकेट पर 97 रन के स्कोर तक पहुंचाया। शॉ ने अपनी 65 रन की पारी के दौरान कुछ शानदार शॉट लगाए।



# भारतीय महिला टीम ने 2-1 से जीती टी-20 सीरीज

एजेंसी ▶▶| मीरपुर

*भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने तीन मैचों की यह श्रृंखला टी20 श्रृंखला 2-1 से अपने नाम की। बांग्लादेश की महिला क्रिकेट टीम गुरुवार को यहां तीसरे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में चार विकेट की सांत्वना भरी जीत दर्ज करने में सफल रही। भारतीय टीम को अपने प्रदर्शन में सुधार करने के लिए काफी कुछ करना होगा। अब 16 जुलाई से दोनों टीम तीन मैचों की वनडे श्रृंखला के लिए आमने सामने होंगी।*




**टीम इंडिया 102 रन पर आलआउट**

*भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट गंवाकर 102 रन बनाए। पिछले मैच में बांग्लादेश की टीम 96 रन के लक्ष्य का पीछा भी नहीं कर पाई थी लेकिन वह 18.1 ओवर में इस लक्ष्य तक पहुंचने में सफल रही। उसके लिए सलामी बल्लेबाज शमिमा सुल्ताना (46 गेंद में 42 रन) ने पारी संभाली और टीम इस मैच में सांत्वना भरी जीत हासिल कर पाई।*

## हरमनप्रीत के टी-20 में बतौर कप्तान 2222 रन

कप्तान हरमनप्रीत कौर के बल्ले से 40 रन निकले। इस दौरान उन्होंने टी-20 में एक खास उपलब्धि हासिल की। बता दें कि उन्होंने बतौर कप्तान टी-20 में रनों का अंबार लगाते हुए पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम (2195 रन) को पछाड़ दिया है। वह सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में चौथे स्थान पर पहुंच गई है।



**बतौर कप्तान सबसे ज्यादा रन**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| मेग लेनिंग | 2619 |
| चार्लोट एडवर्ड्स | 2529 |
| एरोन फिंच | 2236 |
| हरमनप्रीत कौर | 2222* |
| बाबर आजम | 2195 |

## स्कोर बोर्ड

| भारत | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| मंधाना का फाहिमा बो सुल्ताना | 01 | 02 | 0 | 0 |
| शेफाली का शोर्ना बो सुल्ताना | 11 | 14 | 1 | 0 |
| जेमिमा स्टं निगार बो शोर्ना | 28 | 26 | 4 | 0 |
| हरमनप्रीत स्टं निगार बो फाहीमा | 40 | 41 | 3 | 1 |
| यास्तिका स्टं बो राबिया खान | 12 | 17 | 1 | 0 |
| अमनजोत कौर रन आउट | 02 | 05 | 0 | 0 |
| पूजा वस्त्राकर बो नाहिदा अख्तर | 02 | 06 | 0 | 0 |
| दीप्ति का नाहिदा बो राबिया | 04 | 06 | 0 | 0 |
| मीनू मणि बो राबिया खान | 01 | 02 | 0 | 0 |
| देविका वैद्य नाबाद | 01 | 01 | 0 | 0 |

अतिरिक्त : 00, कुल : 20 ओवर में 102/9

गेंदबाजी : मरुफा 3-0-15-0, सुल्ताना 4-0-17-2, नाहिदा 4-0-23-1, फाहिमा 4-0-25-1, राबिया 4-0-16-3, शोर्ना 1-0-6-1.

| बांग्लादेश | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| शाथी का मंधाना बो मणि | 10 | 10 | 1 | 0 |
| शमिमा रन आउट | 42 | 46 | 3 | 0 |
| दिलारा स्टं भाटिया बो मणि | 01 | 06 | 0 | 0 |
| निगार का भाटिया बो वैद्य | 14 | 20 | 0 | 0 |
| शोर्ना का वस्त्राकर बो रोड्रिग्स | 02 | 07 | 0 | 0 |
| सुल्ताना का मंधाना बो वैद्य | 12 | 08 | 2 | 0 |
| रितु मोनी नाबाद | 07 | 08 | 0 | 0 |
| नाहिदा अख्तर नाबाद | 10 | 06 | 1 | 0 |

अतिरिक्त : 05, कुल : 18.2 ओवर में 103/6

गेंदबाजी : दीप्ति 3.2-0-15-0, मीनू 4-0-28-2, राशि 4-0-31-0, देविका 4-0-16-2, शेफाली 1-0-4-0, जेमिमा 2-0-9-1.

### टेस्ट : पहले दिन 150 रन पर ढेर हो गई थी वेस्टइंडीज की टीम

# रोहित-यशस्वी का प्रभावी प्रदर्शन अश्विन ने 33वीं बार झटके 5 विकेट

एजेंसी ▶▶| रोसीयू

रविचंद्रन अश्विन की अगुवाई में गेंदबाजों के प्रभावशाली प्रदर्शन से भारत ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट के पहले दिन वेस्टइंडीज को पहली पारी में 150 रन पर समेट दिया। समाचार लिखे जाने तक भारत ने बिना विकेट गंवाए 97 रन बना लिए थे। कप्तान रोहित शर्मा 37 और यशस्वी जायसवाल 46 रन बनाकर क्रीज पर डटे थे। गेंदबाजी में अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने कमाल दिखाते हुए पांच विकेट हासिल किए। टेस्ट क्रिकेट में 33वीं बार उन्होंने किसी पारी में पांच विकेट हासिल किए हैं।

भारत ने अश्विन (60 रन देकर पांच विकेट) की बदौलत चाय के विश्राम तक वेस्टइंडीज के 137 रन पर आठ विकेट चटका दिए थे। अंतिम सत्र में केमार रोच और जोमेल वारिकन के आउट होते ही वेस्टइंडीज की पहली पारी खत्म हो गई। रहकीम कॉर्नवाल 19 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत के लिए वामहस्त स्पिनर रविंद्र जडेजा ने 14 ओवर में 24 रन पर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज शारदुल ठाकुर और मोहम्मद सिराज को एक-एक सफलता मिली।





**अश्विन ने किए पांच शिकार**

*अश्विन ने इस दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट क्रिकेट (टेस्ट, एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय में मिला कर) में 700 विकेट पूरे किए। वह अनिल कुंबले (956) और हरभजन सिंह (711) के बाद इस उपलब्धि को हासिल करने वाले तीसरे भारतीय गेंदबाज है। वेस्टइंडीज के लिए पदार्पण कर रहे एलिक अथानेज ही भारतीय गेंदबाजों का डटकर सामना कर सके। वह हालांकि अर्धशतक से चूक गए। वह 47 रन बनाकर अश्विन का पारी के चौथे शिकार बने। अश्विन ने वारिकन को आउट कर पांचवां विकेट हासिल किया।*

### लगातार बेहतर करने की ललक काफी थकाऊ रहे : अश्विन

भारतीय टीम के स्टार ऑफ स्पिनर का कहना है कि लगातार बेहतर करने की ललक ने उन्हें नई ऊंचाईयों तक पहुंचाया है लेकिन यह सफर उनके लिए काफी थकाने वाला रहा है। पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद अश्विन से जब अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की लंबी यात्रा और इस दौरान हुए उतार चढ़ाव के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'इस दुनिया में कोई भी क्रिकेटर या इंसान ऐसा नहीं है जो इस तरह के उतार चढ़ाव से नहीं गुजरा हो। जब आप असफलता के दौर से गुजरते हो तो आपके पास दो विकल्प होते हैं, या तो उदास हो जाओ, इसके बारे में बात करो और फिर शिकायत करते हुए निराश हो जाओ। या फिर इससे सीख हासिल करो। इसलिए मैं ऐसा व्यक्ति हूं जो लगातार इन चीजों से सीख लेता रहता है। बल्कि आज मैं अपने अच्छे दिन पर सबसे अच्छी चीज यही करूंगा कि मैं अच्छा खाना खाऊंगा, अच्छी बातें करूंगा, अपने परिवार से बात करूंगा, बिस्तर पर जाऊंगा और इन सबके बारे में भूल जाऊंगा।'

## आईसीसी ने देगी पुरुष और महिला खिलाड़ियों को समान पुरस्कार राशि

भाषा ▶▶| डरबन

- टेस्ट में स्लो ओवर-रेट पर लगेगा जुर्माना
- टी-20 लीग में चार से ज्यादा विदेशी खिलाड़ी शामिल करने पर रोक

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने वेतन समानता लाने की कवायद के तहत गुरुवार को अपनी वैश्विक प्रतियोगिताओं में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा की जिससे विश्व क्रिकेट में नए युग की शुरुआत हुई। पिछले 50 ओवर के पुरुष विश्व कप में चैंपियन इंग्लैंड को 40 लाख डॉलर जबकि उपविजेता न्यूजीलैंड को 20 लाख डॉलर मिले थे। आईसीसी ने बयान में कहा, आईसीसी ने आज आईसीसी प्रतियोगिताओं में पुरुष और महिला टीमों के लिए समान पुरस्कार राशि की घोषणा की। यह निर्णय दक्षिण अफ्रीका के डरबन में आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में लिया गया और यह सुनिश्चित करता है कि आईसीसी बोर्ड ने 2030 तक पुरस्कार राशि में समानता लाने की अपनी प्रतिबद्धता को समय से काफी पहले पूरा कर लिया है।'' इसमें आगे कहा गया है, ''टीमों को अब तुलनात्मक रूप से समान स्पर्धाओं में समान स्थान पर रहने के लिए समान पुरस्कार राशि के साथ-साथ उन स्पर्धाओं में मैच जीतने पर भी समान राशि मिलेगी।'' आईसीसी के अध्यक्ष ग्रेग बार्कले ने कहा, ''यह हमारे खेल के इतिहास में एक महत्वपूर्ण क्षण है और मुझे खुशी है कि आईसीसी की वैश्विक प्रतियोगिताओं में प्रतिस्पर्धा करने वाले पुरुष और महिला क्रिकेटरों को अब समान रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''2017 के बाद से हमने समान पुरस्कार राशि तक पहुंचने पर स्पष्ट ध्यान देने के साथ हर साल महिलाओं की प्रतियोगिताओं में पुरस्कार राशि बढ़ाई है और अब से आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप जीतने पर आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने के समान ही पुरस्कार राशि मिलेगी और टी20 विश्व कप तथा अंडर19 के लिए भी यही बात लागू होगी।'' बीसीसीआई सचिव जय शाह ने नीति तैयार करने में वित्तीय और वाणिज्यिक मामलों की समिति (एफ एंड सीए) के प्रमुख के रूप में सक्रिय भूमिका निभाई और पिछले साल अपने बोर्ड में भी ऐसा ही किया था।

### आईसीसी बोर्ड बैठकः भारत को मिलेगी राजस्व में अधिकतम हिस्सेदारी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने विश्व क्रिकेट की वित्तीय ताकत के रूप में अपनी स्थिति की पुष्टि की क्योंकि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने गुरुवार को डरबन में अपनी बोर्ड बैठक में राजस्व वितरण मॉडल को सर्वसम्मति से पारित कर दिया। आईसीसी ने साथ ही विभिन्न लीग में टीमों के लिए विदेशी क्रिकेटरों की सीमा तय कर दी है जिससे नई प्रतियोगिताओं में हर टीम अपनी एकादश में चार विदेशी खिलाड़ियों को ही खिला पाएंगी। यह मुख्य रूप से हर कोने में शुरू होने वाली टी20 लीग के लिए है जो खेल के अंतरराष्ट्रीय प्रारूप के लिए खतरा पैदा कर रहा है।

### एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप

# भारत ने जीते 3 स्वर्ण

## ज्योति, अजय, अब्दुल्ला बने चैंपियन



एजेंसी ▶▶| बैंकॉक

भारत ने एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दूसरे दिन गुरुवार को तीन स्वर्ण पदक जीते जिसमें ज्योति याराजी का महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ और अजय कुमार सरोज काम पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ का खिताब भी शामिल है। राष्ट्रमंडल खेलों के रजत पदक विजेता अब्दुल्ला अबूबकर ने पुरुषों की त्रिकूद में भारत को दिन का तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया।

भारतीय खिलाड़ियों ने गुरुवार को प्रभावशाली प्रदर्शन किया तथा दांव पर लगे 10 स्वर्ण पदकों में से तीन स्वर्ण पदक जीते। ऐश्वर्या मिश्रा (53.07 सेकेंड) ने महिलाओं की 400 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीता। तेईस वर्षीय ज्योति ने फाइनल में 13.09 सेकंड का समय लेकर जापान की दो धाविकाओं टेराडा असुका (13.13 सेकेंड) और आओकी मासुमी (13.26 सेकेंड) को पीछे छोड़ा। ज्योति का राष्ट्रीय रिकॉर्ड 12.82 सेकंड है। पुरुषों की 1500 मीटर दौड़ में सरोज ने बेहतरीन प्रदर्शन किया तथा 3 मिनट 41.51 सेकंड का समय लेकर स्वर्ण पदक जीता। यह उनका इस प्रतियोगिता में लगातार तीसरा पदक है। उन्होंने 2017 में भुवनेश्वर में स्वर्ण और 2019 में दोहा में रजत पदक जीता था।



**अबूबकर ने 16.92 मीटर लगाई छलांग**

*अबूबकर ने 16.92 मीटर छलांग लगाकर इस सत्र का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह जापान के इकेहाता हिकारू (16.73 मीटर) और कोरिया के जंगवू किम (16.59 मीटर) से आगे रहे। इस 27 वर्षीय खिलाड़ी ने फाउल से शुरुआत की और चौथे प्रयास में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके स्वर्ण पदक हासिल किया। अभिषेक पाल ने बुधवार को पुरुषों की 10,000 मीटर दौड़ में कांस्य पदक जीतकर भारत का पदक का खाता खोला था।*



## विश्व चैंपियनशिपः पैरा भाला फेंक खिलाड़ी अंतिल ने स्वर्ण पदक जीता

**नई दिल्ली।** भारत के पैरालंपिक स्वर्ण पदक विजेता सुमित अंतिल ने गुरुवार को पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की एफ64 भाला फेंक स्पर्धा में 70.83 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक जीता। अंतिल ने 70.17 मीटर के अपने ही रिकॉर्ड में सुधार किया जो उन्होंने पिछले साल मई में इंडियन ओपन राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान बनाया था। वह इसके साथ ही पेरिस 2024 पैरालंपिक के लिए कोटा हासिल करने वाले चौथे भारतीय बने। विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2023 की व्यक्तिगत पदक स्पर्धाओं में शीर्ष चार पर रहने वाले खिलाड़ियों को पैरालंपिक कोटा मिल रहा है।

- 70.83 मीटर के प्रयास के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया

# कई महिला पहलवानों ने निष्पक्ष ट्रायल्स को पीएम को लिखा पत्र

## रोहतक के सर छोटूराम अखाड़े की 24 महिला पहलवान भी शामिल

भाषा ▶▶| नई दिल्ली

- आईओए और साईं से भी लगाई गुहार

राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई चैंपियनशिप की पदक विजेताओं सहित कई महिला पहलवानों ने प्रदर्शन करने वाले छह पहलवानों को छूट दिए जाने की खबरों के बीच गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को चलाने वाले तदर्थ पैनल को पत्र लिखकर एशियाई खेलों के लिए निष्पक्ष ट्रायल्स कराने की मांग की। रोहतक के सर छोटूराम अखाड़े की 24 महिला पहलवानों ने भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के महानिदेशक संदीप प्रधान को भी पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि वह दो चरण के ट्रायल या प्रदर्शनकारी पहलवानों को मिलने वाली छूट को स्वीकार नहीं करेंगे। आईओए द्वारा नियुक्त तदर्थ पैनल ने 22 और 23 जुलाई को एशियाई खेलों के लिए ट्रायल्स करवाने की घोषणा की है लेकिन इसके लिए क्या मानदंड अपनाए जाएंगे इसका खुलासा नहीं किया। तदर्थ पैनल अगर भेदभाव पूर्ण फैसला करता है तो पहलवान फिर से प्रदर्शन करने और अदालत का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार हैं। पैनल के प्रमुख भूपेंदर सिंह बाजवा ने 16 जून को विरोध करने वाले छह पहलवानों - बजरंग पूनिया, विनेश फोगाट, साक्षी मलिक, संगीता फोगाट, सत्यव्रत कादियान और जिरेंदर किन्हा से कहा था कि उन्हें शुरुआती ट्रायल्स के विजेता के खिलाफ केवल एक मुकाबला खेलना होगा। आईओए को एशियाई खेलों में भाग लेने वाले पहलवानों की सूची 23 जुलाई तक सौंपनी है। पहलवानों ने अपने पत्र में लिखा है,'' भले ही तीन पहलवानों को छूट दी जा रही हो पर यह युवाओं के साथ गलत होगा। '' इस पत्र की प्रति गृह मंत्री अमित शाह और खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को भी भेजी गई है। पत्र में कहा गया है,''हमें लगता है कि यह निर्णय (दो चरण का ट्रायल) देश के अन्य उभरते पहलवानों के लिए अनुचित और अन्यायपूर्ण है क्योंकि हमें लगभग चार से पांच मुकाबले और एक और क्वालीफाइंग मुकाबला लड़ना और जीतना है।

## अमेरिकी ओपन : सिंधू और लक्ष्य पहले दौर में जीते, साई प्रणीत हारे

**काउंसिल ब्लफ्स।** ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और लक्ष्य सेन ने यहां अमेरिकी ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के क्रमशः महिला और पुरुष वर्ग के पहले दौर में जीत दर्ज की। सिंधू ने भारतीय मूल की अमेरिकी खिलाड़ी दीक्षा गुप्ता को महज 27 मिनट में 21-15, 21-12 से पराजित किया तो सेन ने फिनलैंड के काले कोलजोनेन को 30 मिनट के अंदर 21-8, 21-16 से हरा दिया। पुरुष एकल के एक अन्य मैच में एस एस सुब्रमण्यम ने पहले दौर में आयरलैंड के प्रतिद्वंद्वी नहाट एनगुएन को 44 मिनट में 21-11, 21-16 से शिकस्त दी। बी साई प्रणीत को हालांकि दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी लि शि फेंग से तीन गेम तक चले मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा। एक घंटे 14 मिनट तक चले मैच में चीन के दूसरे वरीय शि फेंग ने प्रणीत को 16-21, 21-14, 21-19 से हराया।

### 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं चानू और बिंदियारानी

# विश्व चैंपियनशिप में भारत की अगुवाई करेंगी मीराबाई

एजेंसी ▶▶| ग्रेटर नोएडा

स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू सितंबर में सऊदी अरब के रियाद में होने वाली विश्व भारोत्तोलन चैंपियनशिप में फिर भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगी।

दो बार की पदक विजेता चानू (49 किग्रा) के अलावा राष्ट्रमंडल खेलों की पदक विजेता बिंदियारानी देवी (55 किग्रा) और अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) भी इस विश्व प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। टोडकर को छोड़कर यही टीम एशियाई खेलों में भाग लेगी। मई में एशियाई चैंपियनशिप में छठे स्थान पर रहने के बाद यह टोक्यो ओलंपिक रजत पदक विजेता चानू की पहली प्रतियोगिता होगी। चानू और बिंदियारानी इस समय पूर्व भारोत्तोलक से फिजियोथेरेपिस्ट और 'स्ट्रेंथ एंव कंडिशनिंग' कोच बने डॉ. आरोन होर्शिग के मार्गदर्शन में 65 दिन के शिविर के लिए अमेरिका में हैं। राष्ट्रीय कोच विजय शर्मा भी इस वक्त अमेरिका में हैं, उन्होंने कहा, 'मीरा चोटिल नहीं है, हम उसके मजबूत पक्षों पर काम कर रहे हैं। वह विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों में हिस्सा लेंगी।'



### 23 सितंबर से एशियाई खेल

विश्व चैंपियनशिप और एशियाई खेलों के बीच काफी कम समय का अंतर है। विश्व चैंपियनशिप आमतौर पर साल के अंत में नवंबर और दिसंबर में कराई जाती है, लेकिन इस बार यह चार सितंबर से शुरु हो रही है और एशियाई खेल 20 दिन के अंदर चीन के हांगझोउ में 23 सितंबर से शुरु होंगे। एशियाई खेल 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट नहीं है और चानू के पदकों में केवल एशियाड पदक की कमी है।

### ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम

पूर्व विश्व चैंपियन चानू पिछले साल दिसंबर में विश्व चैंपियनशिप के पिछले चरण में एक रजत पदक जीता था। लेकिन 2024 ओलंपिक क्वालीफिकेशन नियम के अंतर्गत 2023 विश्व चैंपियनशिप और 2024 विश्व कप में हिस्सा लेना अनिवार्य है। इन दोनों के अलावा एक भारोत्तोलक को 2022 विश्व चैंपियनशिप, 2023 महाद्वीपीय चैंपियनशिप, 2023 ग्रां प्री 1, 2023 ग्रां प्री 2 और 2024 महाद्वीपीय चैंपियनशिप में से तीन में शिरकत करना होता है।

### भारतीय टीम

महिला : मीराबाई चानू (49 किग्रा), बिंदियारानी देवी (55 किग्रा)। पुरुष : अचिंता शेयुली (73 किग्रा), शुभम टोडकर (61 किग्रा) और नारायण अजीत (73 किग्रा) ।

गरीबों का सितारा में प्रकाशित खबर, लेख व विचार लेखकों एवं संवाददाताओं के अपने हैं इसमें संपादकीय सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी प्रकार के विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

## बिहार पुलिस ने भाजपा नेताओं पर भांजी लाठी

# मैं सांसद हूं, मुझे तो छोड़ दो, फिर भी पुलिस ने बरसाई लाठियां

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार में मानसून के साथ-साथ बिहार की पुलिस की लाठियां भी खूब बरसीं। गुरुवार को पुलिस ने भाजपा कार्यकर्ता और नेताओं पर जमकर लाठियां बरसाई। इसके पहले बुधवार को बिहार पुलिस ने पुलिस ने किसान सलाहकारों को खदेड़-खदेड़ कर पीटा था। नेता प्रतिपक्ष हो या भाजपा सांसद सब पर लाठियां भांजी । महाराजगंज के बीजेपी सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल पर जब पुलिस लाठियां बरसाने लगी तो उन्होंने कहा कि मुझे तो छोड़ दो मैं सांसद हूं।

### सांसद के हाथ में फ्रैक्चर अस्पताल में भर्ती

जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को पुलिस लाठी चार्ज के बाद गंभीर रूप से घायल हो गए। मीडिया के सामने आने के बाद उन्होंने कहा कि शायद उनका हाथ भी फ्रैक्चर हो गया है। इसके साथ ही उनके अंगरक्षकों को भी चोट आई है। भाजपा सांसद सिग्रीवाल को उनके साथ मौजूद सुरक्षाक्रमियों और समर्थकों ने किसी तरह पुलिस से बचाया। इस दौरान मारो मारो की आवाज भी आ रही थी। सांसद को भर्ती कराया गया है।





### वाटर कैनन का भी किया गया प्रयोग

पटना के गांधी मैदान में विधानसभा मार्च कर रहे भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं पर पुलिस को लाठीचार्ज करना पड़ा। पुलिस ने डाक बंगला चौराहे पर भाजपा नेताओं-कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज की कार्रवाई की गई। पुलिस लाठीचार्ज में भाजपा के कई नेताओं-कार्यकर्ताओं के घायल होने की खबर है।

### जेडीयू, आरजेडी और कांग्रेस ने लाठीचार्ज का किया समर्थन

भाजपा कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज को लेकर आरजेडी के विधान पार्षद सुनील सिंह ने कहा कि कानून तोड़ने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि कुछ नेताओं ने लोकसभा चुनाव में टिकट को लेकर हंगामा किया है। वहीं जेडीयू के विधान पार्षद नीरज कुमार ने कहा कि कानून अपना काम करता है। उन्होंने कहा कि लगातार कानून का उल्लंघन किया, जो सही नहीं है। कांग्रेस के प्रेम चंद मिश्रा ने भी कहा कि व्यवस्था कायम रखने के लिए इस तरह की कार्रवाई होती है। इसमें कुछ भी नई बात नहीं है।

### जनता लेगी लाठीचार्ज का बदला : भाजपा

*भाजपा नेता सिग्रीवाल ने कहा कि हम किसानों की बिहार के युवाओं की आवाज उठा रहे थे, लेकिन महागठबंधन सरकार ने इसे दबाने की कोशिश की है। वहीं लाठीचार्ज के बाद बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और भाजपा के राज्यसभा सांसद सुशील कुमार मोदी ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि हम शांतिपूर्ण तरीके से विधानसभा मार्च कर रहे थे। इसके बाद भी हमपर लाठीचार्ज किया गया। सैकड़ों कार्यकर्ता को घायल कर दिया गया। नीतीश कुमार का यह कैसा लोकतंत्र है। उन्होंने कहा कि लाठीचार्ज का बदला जनता अगले चुनाव में लेगी। पूर्व केंद्रीय मंत्री शाहनवाज हुसैन ने कहा कि यह अन्याय है। लोकतंत्र की हत्या है। बिहार में इमरजेंसी लागू हो गई है नीतीश कुमार की तानाशाही नहीं चलेगी।*





## खबर संक्षेप

### गुजरात के पूर्व मंत्री विपुल को 7 साल कैद

**मेहसाणा।** मेहसाणा की एक अदालत ने गुजरात के पूर्व मंत्री और 'दूधसागर डेयरी' के पूर्व अध्यक्ष विपुल चौधरी को धोखाधड़ी के मामले में सात साल कैद की सजा सुनाई। उन्होंने बिना महाराष्ट्र को पशुचारा आपूर्ति करके डेयरी को 22.5 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया था। जिला सहकारी दुग्ध उत्पादक संघ लिमिटेड को 'दूधसागर' डेयरी के नाम से जाना जाता है।



### मुंबईः 24 घंटे में मंत्रियों को मिल जाएंगे मंत्रालय

**मुंबई।** महाराष्ट्र में नए मंत्रियों को शपथ लिए एक हफ्ते से ज्यादा समय बीत चुका है, लेकिन अभी तक मंत्रालयों का आवंटन नहीं हुआ है। खबर है कि कई दौर की बैठकों और चर्चाओं के बाद अब सब कुछ फाइनल हो चुका है।अजित पवार गुट को अगले 24 घंटों के भीतर पोर्टफोलियो का आवंटन कर दिया जाएगा। अजित पवार को वित्त विभाग देने पर चर्चा चल रही है।



### एसपी की पहली पोस्टिंग में ही गिरफ्तारी वारंट

**जयपुर।** राजस्थान कैडर में आईपीएस अधिकारी अमित कुमार का गिरफ्तारी वारंट जारी हुआ है। यह वारंट झालावाड़ कोर्ट ने पोक्सो एक्स मामले में जारी किया है। अमित कुमार प्रतापगढ़ के पुलिस अधीक्षक पद पर कार्यरत हैं। बतौर एसपी यह इनकी पहली पोस्टिंग है। वे झुंझुनूं के रहने वाले हैं। 2018 बैच में अमित प्रतापगढ़ से पहले बीकानेर में एएसपी रहे।



### बहुविवाह पर लगेगा बैन विधेयक जल्द पेश होगा

**गुवाहाटी।** असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। उन्होंने कहा कि हम संसद में बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने के लिए विधेयक पेश करेंगे। किसी कारणवस हम ऐसा नहीं कर पाए तो जनवरी विधानसभा सत्र में एस विधेयक को पेश किया जाएगा। सरमा का मानना है कि बहुविवाह को जल्द से जल्द प्रतिबंध लगाना चाहिए।



### पीएम की डिग्रीः सवाल उठा फंसे केजरीवाल

**अहमदाबाद।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और सांसद संजय सिंह मानहानि के मामले में पेश होना था। पीएम नरेंद्र मोदी की डिग्री मांगने के मामले में गुरुवार को सुनवाई नहीं हो सकी।दोनों कोर्ट नहीं पहुंच सके। उनके वकील ने बताया कि दिल्ली में बाढ़ के हालात हैं, इसलिए अहमदाबाद की मेट्रो कोर्ट में हाजिर नहीं हो सके। अगली सुनवाई 26 जुलाई तय की है।



## ब्रिटेन-रूस के विदेश मंत्रियों से मिले जयशंकर

# जकार्ता में आसियान की बैठक से इतर हुईं महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बीते कुछ वक्त से ब्रिटेन समेत दुनिया के कई अन्य देशों में लगातार बढ़ती खालिस्तानियों की आक्रामकता और रूस-यूक्रेन विवाद के बीच विदेश मंत्री एस.जयशंकर की गुरुवार को इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में ब्रिटेन और रूस के विदेश मंत्रियों के साथ दो महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठकें हुईं। जिसमें ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के समक्ष उन्होंने भारतीय राजनयिकों की सुरक्षा का मामला उठाते हुए उनकी सुरक्षा को सुनिश्चित किए जाने पर जोर दिया। इसके अलावा रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ वार्ता के दौरान दोनों देशों के द्विपक्षीय आर्थिक मुद्दों और यूक्रेन संकट के मुद्दे पर चर्चा की।

अपने एक ट्वीट के जरिए विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने यह जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली के साथ हुई द्विपक्षीय बैठक में व्यापक चर्चा हुई। जिसमें एआरएफ का एजेंडा और क्षेत्रीय व वैश्विक मुद्दे शामिल हुए। संयुक्त रूप से हमारे द्विपक्षीय आदान-प्रदान की समीक्षा की गई। इसके अलावा खालिस्तानियों की बढ़ती आक्रामकता के मद्देनजर भारत के राजनयिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता जाहिर की है।

### खास बातें

- ब्रिटेन समेत दुनिया के कई अन्य देशों में लगातार बढ़ती जा रही खालिस्तानियों की आक्रामकता
- रूस व यूक्रेन विवाद के बीच इस बड़ी बैठक में कई वर्तमान मुद्दों पर किया गया गहन विचार-विमर्श



### बातचीत, कूटनीति से निकलेगा समाधान

गौरतलब है कि रूस और यूक्रेन विवाद की शुरुआत से ही भारत इस समस्या का बातचीत और कूटनीति के माध्यम से समाधान निकालने के पक्ष में रहा है। पीएम मोदी ने भी पिछले साल समरकंद में यह स्पष्ट किया है कि यह युग युद्ध का नहीं है। उनके इस बयान को दुनियाभर में सराहा गया है। विदेश मंत्री ने जकार्ता में आसियान के कई अन्य देशों के समकक्षों के साथ भी द्विपक्षीय बैठकें की। जिसमें सिंगापुर, ब्रुनेई, थाईलैंड, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, न्यूजीलैंड, शामिल हैं। सिंगापुर के विदेश मंत्री विवियन बालाकृष्णन के साथ मुलाकात को लेकर उन्होंने ट्वीट कर कहा कि समग्र सामरिक गठजोड़ के अनुपालन में हुई प्रगति का उल्लेख किया। डिजिटल, फिनटेक, खाद्य सुरक्षा और नौवहन जैसे क्षेत्रों में अधिक ध्यान केंद्रित करने पर चर्चा की। म्यांमार की स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। इसके अलावा ब्रुनेई के अपने समकक्ष दातो इराइवान पेहिन युसुफ से बातचीत को लेकर कहा, हमारा द्विपक्षीय सहयोग सतत रूप से बढ़ रहा है। कारोबार बढ़ाने पर चर्चा में ध्यान केंद्रित किया।


### आसियान की केंद्रीयता का पक्षधर भारत

उन्होंने आसियान को भारत की पूर्व की ओर देखो नीति का महत्वपूर्ण स्तंभ करार दिया। ये समूह हिंद-प्रशांत क्षेत्र को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाता है। भारत पूरी दृढ़ता और प्रतिबद्धता के साथ आसियान की केंद्रीयता का पक्षधर है। बतौर रणनीतिक साझेदार के रूप में आपसी सहयोग को मजबूत बनाने के लिए भारत आसियान क्षेत्र में नए क्षेत्रों को शामिल करना चाहता है। जिसमें साइबर, वित्तीय सुरक्षा और समुद्री सुरक्षा जैसे डोमेन शामिल हैं।

## अहम रणनीतिक चौकी चुशूल सेक्टर की घटना

### गुरुंग हिल्स में टेबल टॉप इलाके में ड्रैगन ने की उकसाने वाली हरकत

# चीन ने लद्दाख के बफर जोन में गाड़ दिए 4 तंबू



एजेंसी ▶▶ लेह

चीन ने भारत की सीमा में बेहद अहम रणनीतिक चौकी चुशूल सेक्टर में बफर जोन पर 4 तंबू गाड़े हैं। यह बात चुशूल के पार्षद कोंचोक स्टेन्जिन ने बताई। उन्होंने चिंता जताते हुए कहा कि ग्रामीणों के अनुसार चीनी सेना के तंबू उस जगह पर गाड़े गए हैं, जहां सेनाओं की आवाजाही नहीं है। यह घटना पूर्वी लद्दाख के गुरुंग हिल्स में टेबल टॉप इलाके की है। काउंसिलर स्टेन्जिन ने बताया कि उन्हें गांववालों ने जानकारी दी थी कि तीन टेंटों को भारतीय सेना के विरोध के बाद हटा दिया गया, जबकि चौथा टेंट हटाए जाने की प्रक्रिया में था। उन्होंने कहा कि चीनी सेना ने दो दिन पहले ही चुशुल के बफर जोन में चार टेंट लगाए। ये भारत और चीन की सेनाओं के पीछे हटने और विवादित क्षेत्र को बफर जोन बनाने के समझौते का उल्लंघन है।

### गलवान में 20 भारतीय सैनिक शहीद हुए थे

2020 के अप्रैल-मई में चीन ने ईस्टर्न लद्दाख के सीमावर्ती इलाकों में एक्सरसाइज के बहाने सैनिकों को जमा किया था। इसके बाद कई जगह पर घुसपैठ की घटनाएं हुई थीं। भारत सरकार ने भी इस इलाके में चीन के बराबर संख्या में सैनिक तैनात कर दिए थे। हालात इतने खराब हो गए कि 4 दशक से ज्यादा वक्त बाद एलएसी पर गोलियां चलीं। इसी दौरान 15 जून को गलवान घाटी में चीनी सेना के साथ हुई झड़प में 20 भारतीय सैनिक शहीद हो गए थे।

### ऐसे बना था बफर जोन

2020 में गलवान घाटी की झड़प के बाद दोनों सेनाओं के बीच कई बार बातचीत हुई। इन चर्चाओं में ये तय किया गया कि गलवान, पैंगोंग त्सो झील के उत्तरी व दक्षिणी किनारे, पीपी-17 और पीपी-15 इलाकों को बफर जोन में तब्दील किया जाएगा। यानी इन इलाकों में दोनों में से कोई सेना अपने बंकर या टेंट नहीं लगा सकती। जिन इलाकों को बफर जोन बनाया गया है, वहां अप्रैल 2020 के पहले आईटीबीपी और सेना नियमित रूप से गश्त लगती थी। इसके बाद चीन ने पूर्वी लद्दाख में बॉर्डर के किनारे बड़ी संख्या में सैनिक तैनात करना शुरू कर दिया। अब पूर्वी लद्दाख में करीब 26 ऐसे पेट्रोलिंग पॉइंट हैं, जहां भारतीय सेना गश्त नहीं लगाती है।

### छाती और पेट छूने के आरोपों पर बोले बृजभूषण

# मैं तो योग करा रहा था, ट्रेनिंग के दौरान सांस का पैटर्न जांच रहा था

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के आरोप झेल रहे कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह ने अपने भपर खिलाफ लगे आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने समिति के समक्ष पेश होकर आरोपों को गलत बताया था। यही नहीं पहलवानों की छाती और पेट छूने के आरोपों से भी इनकार किया था। उन्होंने यह भी कहा कि वह योग के दौरान देख रहे थे कि महिला पहलवानों की सांसें कैसी चल रही हैं? उन्होंने बताया था क मैंने योग के ट्रेनिंग कैंप के दौरान सांस का पैटर्न चेक करने के लिए उनको छुआ था। लेकिन मेरा ऐसा कोई इरादा नहीं था। मुझे नए कानून के बारे में जानकारी भी नहीं थी।

### सांस लेने के पैटर्न पर भी टिप्पणी की थी



पहलवानों ने बताया था कि सिंह ने उनके पेट और छाती को 3 से 4 बार छुआ था। उनके सांस लेने के पैटर्न पर भी कई बार टिप्पणी की थी। सिंह ने मैरीकॉम की लीडरशिप वाली कमेटी को बताया था कि वह खुद पीड़ित हैं। उन्होंने कहा था कि मैं खुद सांस के गलत पैटर्न का शिकार रहा हूं। मैं 20 साल तक इससे पीड़ित रहा और रात को सो तक नहीं पाता था।

### पहलवानों से योग भी करने को कहा था

सिंह बताया कि मैंने महिला पहलवानों को गलत ढंग से छुआ ही नहीं था। मैंने खुद अपने ही पेट पर हाथ रखा था और उन्हें दिखाया था कि जब हम सांस अंदर लेते हैं तो पेट फैलता है और जब बाहर छोड़ते हैं तो सिकुड़ता है। यह एक टूर्नामेंट के दौरान की बात है। उन्होंने कहा कि उन्हें योग भी करना चाहिए।

### बंगाल हिंसा पर ममता सरकार को हाईकोर्ट ने फटकारा, मांगा जवाब

**कोलकाता।** बंगाल में पंचायत चुनाव में हिंसा और आगजानी को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट नाराजगी जाहिर की है। हाईकोर्ट ममता सरकार को फटकार लगाते हुए कहा कि चुनाव में हिंसा ले जुड़े वीडियो देखे जाएंगे। सुरक्षा बलों की मौजूदगी में भी हिंसा कैसे हुई? क्या सरकार अलर्ट नहीं थी। हाईकोर्ट ने राज्य निर्वाचन आयोग और सरकार पर सहयोग नहीं करने के आरोप को बेहद गंभीर करार दिया। 24 जुलाई तक हलफनामा मांगा है।



## तिरुपति स्वामी की शरण में इसरो अध्यक्ष



तिरूपति। इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने गुरुवार को तिरूपति में इसरो के चंद्रयान-3 मिशन से पहले एक मंदिर में पूजा-अर्चना की।

## राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने बुलाई फ्लोर लीडर्स की मीटिंग

# 18 को अहम बैठक और 20 जुलाई से सत्र होगा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद के मानसून सत्र की शुरुआत 20 जुलाई से होने जा रही है। 23 दिन तक चलने वाले इस सत्र में कुल 17 बैठकें होंगी। 11 अगस्त को मानसून सत्र संपन्न होगा। इसी बीच, राज्यसभा चेयरमैन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई है। धनखड़ ने 18 जुलाई को फ्लोर लीडर्स की बैठक बुलाई है।संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने संसद के मानसून सत्र की तारीख के बारे में बताया था।

### 23 दिन तक चलेगा मानसून सत्र, इसमें 17 बैठकें होंगी और 11 अगस्त को होगा समापन





### संसदीय कार्य मंत्री जोशी ने रचनात्मक योगदान देने की अपील की

*उन्होंने बताया था कि संसद का मानसून सत्र 20 जुलाई से शुरू होगा और 11 अगस्त तक चलेगा। उन्होंने ट्वीट में ये भी लिखा कि मैं सभी पार्टियों से सत्र के दौरान संसद के विधायी और अन्य कामकाज में रचनात्मक योगदान देने की अपील करता हूं।*

### यूसीसी बिल हो सकता है पेश

अगले साल लोकसभा चुनाव होना है। उससे पहले संसद का ये सत्र हंगामेदार रह सकता है। विपक्षी दल कई मुद्दों पर हंगामा कर सकते हैं। मानसून सत्र के दौरान केंद्र सरकार समान नागरिक संहिता (यूसीसी) बिल पेश कर सकती है। वहीं, आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में लाए गए केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ मोर्चा खोल सकती है।

### पुरानी इमारत में होगा मानसून सत्र



केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने बीते दिनों मानसून सत्र की जगह को लेकर स्थिति स्पष्ट की थी। केंद्रीय मंत्री ने बताया था कि संसद का मानसून सत्र पुरानी इमारत में शुरू होगा।

## बेंगलुरु में विपक्ष की मीटिंग 17-18 को

# दूसरी बैठक में शामिल होंगे सीएम नीतीश व लालू यादव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा को कड़ी चुनौती देने के मकसद से जारी विपक्षी एकजुटता की कवायद के तहत बेंगलुरू में 17 और 18 जुलाई को विपक्ष की अगली बैठक होने वाली है।

माना जा रहा है कि इस बैठक में विपक्ष की करीब 24 पार्टियां हिस्सा लेने वाली हैं।जनता दल-यूनाइटेड (जेडी-यू) के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री संजय कुमार झा ने बताया कि बिहार के सीएम नीतीश कुमार 17 और 18 जुलाई को बेंगलुरु में होने वाली दूसरी संयुक्त विपक्ष की बैठक में भाग लेंगे। सीएम नीतीश कुमार करीबी सहयोगी झा ने कहा कि सीएम आगामी बेंगलुरु में बैठक में हिस्सा लेंगे। झा ने कहा कि पटना में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के विरोधी 15 दलों के प्रमुखों की उपस्थिति वाली पहली मेगा विपक्षी बैठक का नतीजा सकारात्मक रहा है। आगामी लोक सभा चुनाव के मद्देनजर विपक्ष एकजुटता का लगातार प्रयास कर रहा है। बैठक दर बैठक की जा रही हैं कि किसी भी तरह केंद्र की मोदी सरकार को टक्कर दी जा सके।



स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक प्रमोद कुमार शर्मा के लिए पूजा प्रिंटर्स सी-4, सुदर्शनपुरा, इंडस्ट्रीज एरिया, जयपुर से मुद्रित एवं 23, गोपी नगर, नियर कुकरखेड़ा मंडी गेट शरद कांटा गली, मुरलीपुरा, जयपुर से प्रकाशित किया जाता है। संपादक प्रमोद कुमार शर्मा। पत्रों में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक एवं प्रकाशक की सहमति अनिवार्य नहीं है। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा। संपादक : प्रमोद कुमार शर्मा, मों. 8504812999 ई-मेल : Viksa.pramod999@gmail.com